ज्ञानामृत

लोग अपने कर्तव्य भूल जाते हैं लेकिन अपने अधिकार उन्हें याद रहते हैं।

इंदिरा गांधी

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 187 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 29 अभिनेताओं-यूट्यूबर्स पर केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। तेलंगाना में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं के अलावा कुछ सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स व यूट्यूबर्स सहित दो दर्जन से अधिक लोगों भूमिका की पड़ताल के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इन दुकानों पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की "अवैध" धनराशि अर्जित करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच राज्य पुलिस प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है।




### शेयरों को बेचकर ₹25000 करोड़ जुटाने की तैयारी में एसबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संपत्ति के लिहाज से देश का सबसे बड़ा ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक, अगले हफ्ते संस्थागत क्यूआईपी के जरिए निवेशकों को 25,000 करोड़ रुपये (2.9 अरब डॉलर) के शेयर बेचने की तैयारी कर रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार यह देश का अपनी तरह का सबसे बड़ा सौदा हो सकता है। ब्लूमबर्ग की ओर से इकट्ठा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अगर योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाता है, तो यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी होगा। यह 2015 में कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से की गई 225.6 अरब रुपये की बिक्री से भी आगे निकल जाएगा। बैंक के बोर्ड ने मई में इस बिक्री को मंजूरी दी थी। सूत्रों के अनुसार, योजनाएं अभी अंतिम रूप नहीं ले पाई हैं।




### बीएनपी के हथियारबंद गुंडे बांग्लादेश में हिंदुओं, मंदिरों पर हमले कर रहे

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) पर हिंदुओं पर हमले का गंभीर आरोप लगाया। अवामी लीग ने कहा कि बीएनपी के कार्यकर्ता हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले कर रहे हैं और उन्हें डरा धमकार देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। अवामी लीग ने बीएनपी के एक नेता का बाकायदा नाम लेकर ये आरोप लगाए। अवामी लीग ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'बीएनपी नेता शहीदुल इस्लाम और उसके हथियारबंद गुंडों ने बिजॉय चंद्र रॉय के घर पर हमला किया। बिजॉय चंद्र रॉय बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे।' शेख हसीना की पार्टी ने कहा कि हमलावरों ने मानसा मंदिर को तबाह कर दिया और दो पवित्र मूर्तियों को भी तोड़ दिया।



### सोना 250 रुपये उछलकर 98670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेशकों और स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी ने सोने की मांग को बढ़ा दिया। गुरुवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,04,000 रुपये प्रति किग्रा पर स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की दोबारा मांग के कारण गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उनके संभावित प्रभाव को लेकर जारी अनिश्चितताओं ने सोने की कीमतों को समर्थन दिया है।



## बिहार मतदाता सूची संसोधन पर सुप्रीम आदेश, कोर्ट ने ईसी से कहा-

# आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर करें विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।






### कोर्ट में बोला आयोग- मतदाताओं के बिना चुनाव आयोग का अस्तित्व नहीं

चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को क़ानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

### आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं: आयोग

मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाब

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।

### पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे

इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रि या को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रि या है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि प्रक्रि या का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

## सीएम साय की पहल पर पीएम मोदी की एक और गारंटी पूरी

# रेडी-टू-ईट का जिम्मा पुनः महिला स्व-सहायता समूह के हवाले




**विजय मत, ब्यूरो रायगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने के निर्णय पर अमल की पहल की शुरुआत आज रायगढ़ जिले से की गई है। रायगढ़ जिले के सभी 2709 आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू इट फूड अब महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 10 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण के लिए अनुबंध पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) के निर्माण एवं वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। यह कार्य प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। रायगढ़ इस पहल का पहला जिला बना है, जहाँ 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सार्थक पहल है।

## जशपुर के अनिमेष ने 100 मीटर दौड़ में रचा एथलेटिक्स में नया इतिहास

**विजय मत, ब्यूरो जशपुर**




छोटे से गांव घुइटांगर के रहने वाले अनिमेष कुजूर ने बड़ा काम किया है। एथलेटिक्स प्लेयर अनिमेष कुजूर आज युवाओं और खिलाड़ियों के प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। घुइटांगर की पगडंडियों पर कभी नंगे पांव दौड़ने वाला लड़का आज देश की सबसे तेज़ दौड़ का रिकॉर्ड बना चुका है।

5 जुलाई 2025 को ग्रीस के वारी शहर में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर की दौड़ को 10।18 सेकंड में पूरा कर अनिमेष ने इतिहास रच दिया। स्प्रिंट मीट 100 मीटर दौड़ में अनिमेष जरुर तीसरे स्थान पर रहे। लेकिन एक नया रिकार्ड उन्होने बना दिया। इस रेस में पहला स्थान दक्षिण अफ्रीका, दूसरा ओमान और थर्ड पॉजिशन भारतीय एथलेटिक्स अनिमेष कुजूर के नाम रहा। तीसरा स्थान हासिल करने वाले अनिमेष ने एक नया कीर्तिमान रच दिया।

## 'ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन' में बोले केंद्रीय मंत्री सिंधिया

# हमारा लक्ष्य ग्लोबल लीडर बनना, भारत पोस्ट के पास दुनिया बदलने की ताकत

**बंगलूरू, एजेंसी**



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत पोस्ट की ताकत और उसके भविष्य को लेकर एक बड़ी बात कही है। बेंगलुरु में आयोजित 'ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि भारत पोस्ट जैसा कोई दूसरा वितरण नेटवर्क पूरी दुनिया में नहीं है।

उन्होंने डाक विभाग के कर्मचारियों से अपील की कि वे भारत पोस्ट को विश्व की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स संस्था बनाने की दिशा में काम करें। सिंधिया ने कहा कि आज भारत पोस्ट के पास पूरे देश में 1.64 लाख से ज्यादा सेवा केंद्र हैं, जो कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और भरूच से लेकर तवांग तक फैले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि इतनी गहरी और व्यापक पहुंच किसी और संस्था के पास नहीं है। यह नेटवर्क देश के हर कोने तक लोगों और सेवाओं को जोड़ता है, जो भारत की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। उन्होंने बताया कि डाकघर अब आधुनिक हो रहे हैं। हाथ में पकड़े जाने वाले डिजिटल उपकरण और 'दर्पण' जैसी तकनीकें डाक विभाग में आ चुकी हैं।

## कांग्रेस सांसद थरूर ने ही कांग्रेस को घेरा-कहा

# आपातकाल के समय अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर की गई क्रूरता

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हुए हैं। इस बार उन्होंने कांग्रेस को आपातकाल को लेकर घेरा है। उन्होंने कहा कि आपातकाल में अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर क्रूरता की गई। आपातकाल को भारत के इतिहास का महज काला अध्याय नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसके सबक को पूरी तरह से समझना जरूरी है। उन्होंने आपातकाल में इंदिरा गांधी और संजय गांधी के कामों को लेकर सवाल उठाए। एक मलयालम अखबार में प्रकाशित लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 25 जून 1975 और 21 मार्च 1977 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले युग को याद किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास क्रूरता में बदल दिए गए।

## छत्तीसगढ़ में मूसलधार बारिश से हालात गंभीर

# 9 जिलों में बाढ़ का अलर्ट, शिवनाथ नदी उफान पर

**विजय मत, रायपुर**



प्रदेश में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है। गुरुवार को रायपुर, रायगढ़ और बिलासपुर सहित कई जिलों में मूसलधार बारिश हुई। राजधानी रायपुर में दोपहर 3 बजे ही घने बादलों के कारण अंधेरा छा गया, और तेज बारिश से कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। राजनांदगांव जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी 24 घंटों के लिए बलरामपुर, बालोद, बलौदाबाजार, धमतरी, दुर्ग, कोरिया, महासमुंद, रायपुर और सूरजपुर जिलों में अचानक बाढ़ की आशंका जताई है। विभाग ने सभी संबंधित प्रशासन को अलर्ट रहने और संभावित आपदा के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं बिलासपुर में गुरुवार को एक घंटे की तेज बारिश ने शहर की सड़कों और दुकानों को जलमग्न कर दिया। कई निचले इलाकों में घरों के भीतर तक पानी घुस गया।

### 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, कांकेर, महासमुंद, गरियाबंद सहित कुल 10 जिलों में शुक्रवार के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही रायपुर, बेमेतरा, कबीरधाम सहित 13 जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

## शेयर बाजार में गिरावट

# सेंसेक्स 345 अंक टूटा निफ्टी 25400 के नीचे

**मुंबई, एजेंसी।** आईटी और दूरसंचार शेयरों में कमजोरी के कारण गुरुवार को भारतीय बाजारों में बिकवाली का दौर रहा। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 83,190.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 401.11 अंक या 0.48 प्रतिशत गिरकर 83,134.97 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120.85 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,355.25 पर बंद हुआ।



## कोर्ट ने मां को सुनाई फांसी की सजा

# जो महिला बच्चों की हत्या कर सकती है, उसे दुनिया जीने का अधिकार नहीं

**औरैया, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में 3 बच्चों को नदी में डुबोकर मारने वाली मां को फांसी की सजा कोर्ट ने सुनाई है। जिला कोर्ट ने उसके प्रेमी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला एडीजे-3 जस्टिस सैफ अहमद की अदालत ने सुनाया है। कोर्ट ने इस अपराध को दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में माना। वहीं, कोर्ट ने कहा- जो महिला अपने बच्चों को मार सकती है, उसे समाज में जीने का अधिकार ही नहीं है। फफूंद थाना क्षेत्र के ग्राम बरौआ निवासी प्रियंका (30 वर्ष) की शादी 10 साल पहले इटावा के बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव लुहिया निवासी अवनीश से हुई थी। दोनों के चार बेटे थे। शादी के बाद अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका डेढ़ साल तक ससुराल में रही और फिर 6 महीने पहले मायके बरौआ लौट आई। मायके में कलह के बाद वह अपने बच्चों के साथ औरैया शहर आ गई, जहां उसका चचेरा देवर आशीष भी उसके साथ रहने लगा। प्रियंका और आशीष के बीच झगड़े के बाद, प्रियंका ने बच्चों को ननिहाल ले जाने का बहाना बनाया और उन्हें ऑटो से देवरपुर ले गई।

## एटीएस ने किया बड़ी साजिश का खुलासा

# छांगुर निकला धर्मांतरण गैंग का मास्टरमाइंड 1500 से ज्यादा महिलाओं का किया ब्रेनवॉश

**बलरामपुर, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से गिरफ्तार किए गए छांगुर बाबा की असली तस्वीर अब सामने आ रही है। जो बाबा खुद को चमत्कारी बताता था, वह अब धर्मांतरण के एक बड़े नेटवर्क का मास्टरमाइंड निकला है। एटीएस (एंटी टेररिज्म स्क्वाड) की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, छांगुर बाबा ने करीब 1,500 महिलाओं और लड़कियों का जबरन धर्मांतरण कराया है। ये महिलाएं आमतौर पर निसंतान, विधवा, परित्यक्ता या मानसिक रूप से कमजोर थीं। बाबा उन्हें पहले आश्रय और इलाज का झांसा देता था, फिर धीरे-धीरे उनका ब्रेनवॉश करता था। आखिरकार, उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने को मजबूर करता था।

### संगठित गिरोह और विदेशी फंडिंग

छांगुर बाबा सिर्फ अकेला नहीं था, उसके साथ नीतू रोहरा उर्फ नसरीन भी शामिल थी, जिसे एटीएस ने बाबा के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों को 7 दिन की रिमांड पर एटीएस को सौंपा गया है। जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की परतें खोलने में लगी हैं। बताया जा रहा है कि छांगुर भारत-नेपाल सीमा पर दावा केंद्र (धर्म परिवर्तन केंद्र) खोलने की तैयारी में था। दुबई से विदेशी फंडिंग भी आनी शुरू हो गई थी। दो साल पहले उसके रिश्तेदारों के खिलाफ भी धर्मांतरण के केस दर्ज किए जा चुके हैं।

# रायपुर की मशरूम फैक्ट्री से उत्तर भारत के बंधक 97 मजदूरों को छुड़ाया

## पीड़ित बोले- फैक्ट्री मालिकों ने जानवरों की तरह पीटा, ब्लेड से काटा पैर, महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया रेस्क्यू

**विजय मत, रायपुर**




राजधानी रायपुर के खरोरा थाना क्षेत्र में स्थित एक मशरूम फैक्ट्री से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। फैक्ट्री में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से लाकर रखे गए 97 मजदूरों को बंधक बनाकर जबरन काम कराया जा रहा था। मजदूरों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। मजदूरों की शिकायत के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर के नेतृत्व में फैक्ट्री में छापेमारी की गई। वहां से कुल 97 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। अधिकारियों ने मजदूरों के बयान दर्ज किए हैं और महिला एवं बाल शोषण की विस्तृत जांच की जा रही है। रेस्क्यू किए गए सभी मजदूरों को फिलहाल बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम, रायपुर में सुरक्षित रूप से रखा गया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब कुछ मजदूर फैक्ट्री मालिकों की प्रताड़ना से तंग आकर 2 जुलाई की रात फैक्ट्री से भाग निकले और लगभग 15-20 किलोमीटर पैदल चलकर रायपुर के भाठागांव बस स्टैंड पहुंचे। वहां स्थानीय नागरिक तूफान पांडे और श्रीदत्त मिश्रा ने उनकी दयनीय हालत देखकर मदद की और पुलिस तक पहुंचाया।

### 18 घंटे की मजदूरी, मारपीट और ब्लेड से हमला

पीड़ित मजदूरों ने बताया कि फैक्ट्री में रोजाना 18 घंटे तक काम करवाया जाता था। रात में उठाकर मजदूरी कराई जाती थी। यदि कोई मजदूर उठने से इनकार करता, तो फैक्ट्री मालिक जानवरों की तरह पीटते थे। एक मजदूर के साथ तो क्रूरता की हद पार कर दी गई, जब मालिक नितेश तिवारी ने उसके पैर की उंगली पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे उसे चलने-फिरने में दिक्कत होने लगी।

### बंधुआ मजदूरी, मानव तस्करी की आशंका

मजदूरों की स्थिति और आरोपों को देखते हुए यह मामला बंधुआ मजदूरी, मानव तस्करी और गंभीर श्रम कानून उल्लंघन का बनता है। मजदूरों को लंबे समय तक वेतन नहीं दिया गया और उनके साथ मारपीट कर श्रम कराया गया, जो कि भारतीय दंड संहिता और श्रम कानूनों के तहत संगीन अपराध है।

339 आवेदन प्राप्त, डिजिटली स्क्रूटनी और पोर्टल अपलोडिंग की प्रक्रिया जारी

# राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी और त्वरित निराकरण करें : कलेक्टर

**विजय मत, कवर्धा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के स्पष्ट निर्देशों पर कार्य करते हुए कबीरधाम जिले में राजस्व समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पिपरिया तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त हर एक आवेदन की गहन जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्ववर्ती लंबित प्रकरणों को अलग छाँटकर नवीन आवेदनों का पृथक रूप से पंजीयन किया जाए। यदि किसी आवेदन में आवश्यक दस्तावेज अधूरे हों, तो आवेदकों से तत्काल संपर्क कर उन्हें प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाया जाए, सभी प्रक्रिया पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ की जाए, जिससे शासन पर जन विश्वास बना रहे।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व सेवाएं–जैसे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, फौती, सीमांकन, त्रुटि सुधार आदि–गांवों तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए शिविरों को एक प्रभावी माध्यम के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि आवेदकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, इसका पूरा ख्याल रखा जाए। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले की सभी 8 तहसीलों के 26 निरीक्षण सर्किलों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें अब तक 2025 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1123 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है।

### 23 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित शिविरों में मिलेगा अनेक लाभ

उपमुख्यंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पूरे जिले भर में आगामी 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस शिविर में अनेक लाभ ग्रामीणों, किसानों और अभिभावको को मिलेगा। जिले के सभी 24 राजस्व निरीक्षक कार्यालय मुख्यालयों में यह शिविर लगेगा, जिसमे राजस्व से संबंधित आवेदनों के साथ साथ आयुष्मान कार्य, आधार कार्य नवनीकरण, अपडेट किया जाएगा, साथ ही इस शिविर में किसान भाई अपने एग्री स्टेट से पंजीयन भी किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि शैक्षणिक प्रयोजन हेतु आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों में किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक को अनावश्यक परेशानी न हो।

# गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने किया सेवानिवृत व वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

**विजय मत, दंतेवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने गुरुपूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत शिक्षकों का उनके निवासस्थान पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर, तिलक लगाकर सम्मान किया। सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी जी के मुख्य पुजारी हरेंद्र नाथ जिया के निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं ने आशीर्वाद लिया, इसके पश्चात वरिष्ठ व सेवानिवृत शिक्षक गोवर्धन दास बैरागी, श्रीमती राजश्री चौहान,मोहम्मद कासिम,एल बी यादव,माधव सिंह गौड़,श्री शर्मा व भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा सत्यनारायण ठाकुर के निवास पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर भाजपा पदाघिकारी व कार्यकताओं ने गुरुपूर्णिमा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद प्राप्त किया` भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की गुरु ज्ञान के स्रोत ही नहीं जीवन की प्रेरणा भी हैं, शिक्षा, संस्कार और जीवन के उच्चतम मूल्यों का संचार करने वाले सभी गुरुजनों को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर मेरा सादर नमन एवं आप सभी को गुरुपूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,नगर पालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता,जनपद अध्यक्ष दंतेवाड़ा सुनीता भास्कर,जनपद सदस्य रामु नेताम,पार्षद श्रवण कड़ती,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा कुलदीप ठाकुर,पार्षद विनोद साहू,मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर,राजेश बोरबन,कमला बैरागी, कीर्ति ठाकुर,कुंती झरना,कौशल्या ठाकुर,लक्ष्मी यादव,डे नारायण,गौतम भाटी,भूपेंद्र ठाकुर एवं समस्त भाजपा पदाघिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।



## सार समाचार

### धान और अन्य खरीफ फसलों के लिए बीज प्रक्रिया केन्द्र में बीज उपलब्ध

**दुर्ग।** जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण धान की लेही विधि और सीधी बुवाई करने वाले किसानों के खेतों में जलभराव की समस्या आ रही है, जिससे अंकुरण प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में जिन किसानों को नए बीज की आवश्यकता है, वे जिले की विभिन्न समितियों और प्रक्रिया केंद्रों से नकद भुगतान कर बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज बचत समिति द्वारा प्राप्त विवरण के अनुसार जिले के बीज प्रक्रिया केन्द्र में आज दिनांक की स्थिति में कुल 1406.56 क्विंटल बीज शेष है। जिसमें धान की एमटीयू-1153, एमटीयू-1010, विक्रम टीसीआर, एमटीयू-1156, एमटीयू-1153, सीजी धान-1919, छ.ग. देवभोग, महामाया, विष्णुभोग सलेक्सन-1, एमटीयू-1001, एमटीयू-1010 एवं राजेश्वरी इत्यादि किस्मों के कुल 423.30 क्विंटल बीज शामिल है।

### वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के द्वारा वित्तीय संबंधी जानकारी दिया गया

**बालोद/विजय मत।** गुरुर ब्लॉक में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित परियोजना एवं समर्पित संस्था द्वारा जिला बालोद के अंतर्गत ब्लॉक गुरुर के ग्राम पंचायत मोखा मे वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति हेतु बीमा केम्प बीसी के साथ मिलकर बीमा किया गया। उत्रक्ष सेन्टर से चुम्मन जोशी ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के द्वारा वित्तीय संबंधित जानकारी स्वयं सहायता समूह के दीदीयो एवं पंचायत प्रतिनिधि को दिया गया। जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं डिजिटल धोखाधडी, एटीएम फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड, लोन सम्बंधी, बीमा क्लेम, डिजिटल लेनदेन, यूपी आई पेमेंट, लोकपाल शिकायत संबधित जानकारी, एफ डी, आर डी, पीपी एफ, के बारे में जानकारी दी गई। स्वयं सहायता समूह दीदीयो एवं पंचायत प्रतिनिधि को पाम्पलेट, बुकलेट के माध्यम से भी जानकारी दिया गया।

### चाकू लेकर डराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**राजनांदगांव/विजय मत।** चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो नग धारदार चाकू जब्त किया गया। एक आरोपी के विरूद्ध पूर्व में हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। मिली जानकारी के अनुसार एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन व एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में चौकी चिखली क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 9 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि मोतीपुर तालाब पार के पास दो व्यक्ति धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम रवाना कर मुखबिर के बताए स्थान पर उक्त हुलिया के दो व्यक्ति मिले।

### अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव/विजय मत।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने छुरिया विकासखंड के ग्राम गेंदाटोला के समीप फाफामार नाला में डूबे हुए दो व्यक्ति केशव धरमगुड़ी एवं देवेन्द्र यादव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मृतक केशव धरमगुड़ी का शव मिल गया है। ग्राम पंचायत द्वारा श्रद्धांजलि योजना के तहत उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम डोंगरगांव को आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत मृतक के परिवार को 4 लाख रूपए की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की टीम द्वारा दूसरे व्यक्ति देवेन्द्र यादव की तलाश की जा रही है। नगर सेनानी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी टीम द्वारा राहत एवं बचाव के लिए लगातार कार्य जारी है।

# नो पार्किंग में खड़े वाहन चालकों और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से वसूला गया 12 हजार 100 शमन शुल्क

**विजय मत, बालोद**

जिले के नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा सड़कों में अव्यवस्थित अतिक्रमण पर आज प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में एसडीएम सुरेश साहू, थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने आज यातायात व्यवस्था को बेहतर करने नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। इसी प्रकार सड़कों में हुए अवैध अतिक्रमण पर भी कार्रवाई करते हुए संबंधितों को कड़े निर्देश दिए गए। इस दौरान 14 व्यक्तियों से 8500 रुपये और नो पार्किंग में खड़े वाहन चालको से 3600 रुपये का शमन शुल्क वसूल की गई। उल्लेखनीय है कि दल्लीराजहरा की सड़कों व फुटपाथों पर अतिक्रमण एवं नो पार्किंग जोन में वाहन चालकों द्वारा गाड़ी खड़ा करने के कारण न सिर्फ यातायात बाधित होता है, बल्कि आम लोगों को भी आवाजाही में परेशानी होती है। जिससे निजात दिलाने उक्त कार्रवाई की गई है।



# जागो और जगाओ पेड़ पौधे लगाओ

**विजय मत, राजनांदगांव**

हरा भरा, स्वच्छ धरा उद्देश्य को लेकर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति, छत्तीसगढ़ के संरक्षक बिरेंद्र देशमुख एवं संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हर-देल के मार्गदर्शन पर लगातार पौधारोपण , स्वच्छता जागरूकता अभियान जारी है। इसके अंतर्गत ग्राम झोला,जिला दुर्ग की टीम के सदस्यों। पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती थनेश्वरी हरदेल की उपस्थिति में ग्राम झोला में शिवाजी महाराज के मूर्ति स्थल के आसपास स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्थल की साफ-सफाई की गई एवं कचरे को निर्धारित स्थान पर डंप किया गया। तत्पश्चात शिवाजी महाराज के मूर्ति स्थल पर फूल के पौधे, कोलियास , स्नेक प्लांट, न्यूजीलैंड फ्लैक्स के पौधे का जागो और जगाओ, पेड़ पौधे लगाओ नारे के साथ उचित सुरक्षा घेरे में वृहद पौधारोपण किया एवं पूर्व में लगे पौधे के आसपास खरपतवार की साफ सफाई कर उनके बढ़वार के लिए कार्य किया तथा पौधे की उचित देखभाल की जिम्मेदारी झोला ग्राम के ग्रामीणों ने ली। इसके साथ ही लोगों को अधिक से अधिक पौधा लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण,स्वच्छता के लिए जागरूक किया। स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती थनेश्वरी हरदेल ने बताया कि हमारी स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ की टीम लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, पालिथीन का बहिष्कार आदि के लिए लोगों को जागरूक करती आ रही है।



# बीजापुर में मत्स्य किसानों के लिए प्रशिक्षण और योजनाओं की जानकारी

**विजय मत, बीजापुर**

राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस के अवसर पर जिले के नैमेड़ स्थित शासकीय फिश हैचरी में मत्स्य किसानों के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए मत्स्य कृषकों को मछली पालन से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं, तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण अवसरों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार लेकाम ने की। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से मछली पालन, तालाब निर्माण, बीमा योजनाएं, दुर्घटना बीमा योजना तथा बाजार तक पहुँच की रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला प्रशासन की ओर से यह भी बताया गया कि जिले के उन्नत मत्स्य किसानों को अन्य राज्यों में भेजकर आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के चयन, प्रक्रिया और सुविधाओं को लेकर भी जानकारी साझा की गई। संगोष्ठी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत स्वयं की भूमि में नवीन तालाब निर्माण में अनुदान, मछली पालन हेतु इनपुट प्रदाय,बायो फ्लाक छोटी इकाई स्थापना, फ्लॉक पांडे इकाई, फुटकर मछली विक्रेता हेतु मोटरसाइकिल वितरण आई बाक्स वितरण मत्स्य जीवियों का दुर्घटना बीमा,अल्प अवधि बचत सह राहत योजना किसान क्रेडिट कार्ड सहित राज्य पोषित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। तथा राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफार्म में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की सलाह दी गई शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए पंजीयन की अनिवार्यता संबंधी जानकारी साझा करते हुए पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई।

# सुकमा की कच्ची गलियों से सितारों तक नीलोटी और मुरोटी की प्रेरणादायक उड़ान

**विजय मत, दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ के सुदूर सुकमा जिले के कुम्हारास गांव की कच्ची गलियों में दो बहनों, नीलोटी नाग और मुरोटी नाग ने सपनों को नया रंग दिया है। मिट्टी से सने पांव और आंखों में चमक लिए इन बहनों ने वह कर दिखाया, जो कभी असंभव-सा लगता था। उनकी मां, एक अस्पताल सफाईकर्मी, जो खुद कभी स्कूल न जा सकीं, ने आर्थिक तंगी और सामाजिक दबावों के बावजूद अपनी बेटियों को पढ़ाने का संकल्प लिया। मेहनत और हौसले से उन्होंने बेटियों के सपनों को पंख दिए।नीलोटी और मुरोटी ने बारहवीं तक पढ़ाई पूरी की, लेकिन आगे का रास्ता धुंधला था। तभी अट/ठर इंडिया की बेटी पढ़ाओ स्कॉलरशिप उनकी जिंदगी में रोशनी बनकर आई। यह स्कॉलरशिप, जो अट/ठर इंडिया और Protean eGov Technologies के ह्यविद्यासारथी पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण भारत तक पहुंच रही है।

# मां बमलेश्वरी पहाड़ी से गिरी विशाल चट्टान, बाल-बाल बचे श्रद्धालु !

**विजय मत, डोंगरगढ़**

विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी पहाड़ी पर सोमवार सुबह पहली बार एक विशाल चट्टान खिसककर गिर गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। चट्टान गिरने से कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए और दर्शन के लिए बनी पीछे की नई सीढि?ों का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि पहाड़ी पर ऐसा हादसा पहली बार हुआ है।स्थानीय निवासी मान बाई नेताम ने बताया, सुबह जैसे बादल गरजते हैं वैसे आवाज आई।



हमारा लडका चिल्लाया कि माई, पत्थर गिर रहा है।हम लोग तो बचपन से यहां हैं, लेकिन ऐसा पहली बार देखा। गनीमत रही कि चट्टान दूसरी चट्टानों पर अटक गई, वरना नीचे बसे घरों और रास्तों पर बड़ा हादसा हो सकता था।

सूत्रों की मानें तो पहाड़ी के ऊपर एक बड़ी चट्टान को हटाने के लिए बारूदी ब्लास्टिंग की गई थी, जिससे पहाड़ी की संरचना कमजोर हो गई।

# महापौर ने किया मोहारा नदी एवं जल संयंत्र गृह का निरीक्षण

## मोहारा शिवनाथ नदी के सभी गेट खोलने जल संसाधन विभाग के अधिकारियो को दिये निर्देश

**विजय मत, राजनांदगांव**

अत्यधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी के जल स्तर बढने पर आज महापौर मधुसूदन यादव मोहारा शिवनाथ नदी तथा जल संयंत्रगृह का निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य अलोक श्रोती, पार्षद चन्द्रकृत साहू के साथ निरीक्षण कर जल संसाधन विभाग व नगर निगम के अधिकारियो से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए। महापौर श्री यादव ने मोहारा नदी निरीक्षण के दौरान नदी के जल स्तर एवं गेट खोलने के संबंध में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री निलेश रामटेके ने बताया कि वर्तमान में 15 गेट खोले गये है और अत्यधिक वर्षा एवं मोगरा बैराज से पानी छोडने के कारण नदी का जल स्तर बढने पर शेष गेट नही खुल पाया है, नदी का जल स्तर कम होने पर गेट खोला जाएगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि संबंधित अधिकारी एनीकट की प्रतिदिन मानिटरिंग करे और जल स्तर कम होने पर तत्काल शेष गेट खोलने की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि कई वर्षो से एनीकट का गेट नही खुला है जिससे रेत व सील्ट जमा होने से नदी की संग्रहण क्षमता कम हो गई है। सभी गेट खुल जाने से रेत एवं सील्ट बह जायेगा जिससे नदी मे संग्रहण क्षमता बढेगी। संग्रहण क्षमता बढने से इसका लाभ गर्मी मे समुचित पेयजल सप्लाई के लिए मिलेगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि इस गर्मी में नदी का जल स्तर कम होने पर एनीकट के पास से चेन माउंटेन के माध्यम से सील्ट एवं कचरा निकालने की कार्यवाही की गई थी।



गुरु पूर्णिमा के मौके पर शिष्य मंडल द्वारा कलश यात्रा निकाली गई

# पांडातराई में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**विजय मत, कवर्धा**

धार्मिक ग्रंथ गुरु को भगवान से बड़ा बताते हैं गुरु की महिला ईश्वर से बड़ी है और यह पौराणिक कथाओं से ही नहीं बल्कि वर्तमान परिवेश के माध्यम से सिद्ध हो चुका है।

गुरु पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले शिष्य भी मौजूद है गुरु पूर्णिमा शिष्यों के लिए विशेष पर्व होता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिष्यों ने अपने गुरु स्थान पर जाकर गुरुदेव भगवान को प्रणाम करते हुए उनका आशीर्वाद लिया सच्चे रास्ते पर चलने का संदेश देने वाला ही सच्चा गुरु होता है कहा जाता है कि गुरु सिर्फ ज्ञान ही नहीं बल्कि ईश्वर से जोड़ने का माध्यम भी है नगर के प्राचीन राम मंदिर पर विराजित सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रांतिकारी प्रवक्ता अनंत श्री विभूषित पीठाधीश्वर परम पूज्य आचार्य श्री जलेश्वर महाराज का शिष्य ने चरण पादुका का पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया और वही प्रवचन के माध्यम से आचार्य श्री जलेश्वर महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन परम कल्याणकारी होता है यह शुभ दिन गुरु की पूजा के लिए उत्तम माना जाता है जो ज्ञान और आत्मज्ञान के मार्ग पर व्यक्तियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है मानव जीवन में भी भारी कठिनाई परेशानी आती है।



अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला ही सद्गुरु होता है गुरु बिन ज्ञान न उपजे गुरु बिन मिलै न मोष गुरु बिन लखै न सत्य को गुरु बिन मिटै न दोष जब हमारे जीवन में कुछ भी दिखाई नहीं देता तब गुरु ही हमारे राहों को सरल बनाते हैं इस गुरु पूर्णिमा के मौके पर शिष्य मंडल द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलती रही धार्मिक उत्साह और भक्ति का प्रतीक है इस यात्रा में लोग भजन कीर्तन करते हुए जयकारे लगाते हुए और नाचते गाते रंग गुलाल फटाखे से आतिशबाजी करते हुए सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए फिर महाआरती कर भंडारा प्रसाद लिए।

### योग आयोग के अध्यक्ष सिन्हा गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में हुए शामिल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह ने आज दर्शन इलेक्ट्रिकल्स दुकान का शुभारंभ किया और उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके बाद पैरी विमल वैदिक आश्रम में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मोहलाई कबीर आश्रम में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में शामिल हुए और वहां पर आए हुए लोगों को मार्गदर्शन दिया उन्हें उन्होंने कहा कि योग का काम जोड़ना है उसका निर्वहन करके मैं जोड़ने का काम कर रहा हूं उसके बाद गुण्डरदेही के मानव कल्याण आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का उत्सव सनातन धर्मावलंबियों के लिए आस्था का बड़ा पर्व है गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती मैं अपने सभी गुरुओं को सादर नमन करता हूं । सभी जगह पर संस्था प्रमुख ,सदस्य गण, संत और गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाने के लिए आए हुए लोग शामिल हुए।

## सार समाचार

### स्व कुलदीप निगम की 61वीं जयंती पर वृद्धाश्रम, बालगृह व नर्रा में दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर/विजय मत।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और राज्य बाल कल्याण परिषद के प्रथम महासचिव स्व. कुलदीप निगम की 61वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। माना कैंप स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम और मानसिक दिव्यांग बालगृह बालक एवं बालिका परिसर में स्व. निगम की प्रतिमा और फोटो पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सभी को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र निगम, सचिव बिमल घोषाल, प्रीति निगम, पारूल चक्रवर्ती, लीला यादव सहित वृद्धाश्रम और बालगृह के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में स्व. निगम के पैतृक गांव नर्रा में स्थित शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों ने भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। स्व. कुलदीप निगम को छत्तीसगढ़ में वृद्धाश्रम और बाल कल्याण की दिशा में किए गए कार्यों के लिए आज भी प्रेरणा स्रोत माना जाता है।

### राज्यपाल ने किया छग लोक आयोग के 23वें वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन



**रायपुर/विजय मत ।** राज्यपाल रमेन डेका ने गुरुवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ लोक आयोग, रायपुर के 23वें वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 2024-25) का विमोचन किया। आयोग के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति आई.एस. उबोवेजा ने प्रतिवेदन को राजभवन में राज्यपाल को औपचारिक रूप से भेंट किया। इस अवसर पर लोक आयोग कार्यालय, रायपुर के विधि सलाहकार अजीत कुमार राजभानु, उपसचिव के.पी. सिंह भदौरिया, तकनीकी सलाहकार राकेश पुराम तथा निज सचिव राजेश कुमार गजेन्द्र भी उपस्थित थे।

### रेलवे चार्टिंग नियमों में बदलाव: अब एद का आवेदन पहले देना होगा

**रायपुर/विजय मत।** भारतीय रेलवे ने आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय-सीमा में बदलाव करते हुए अब पहला चार्ट ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले जारी करने का फैसला लिया है, जिससे आपातकालीन कोटा के आवेदन की प्रक्रिया भी पहले पूरी करनी होगी। यह नई व्यवस्था 14 जुलाई से पूरे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में लागू की जा रही है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और बर्थ आवंटन में पारदर्शिता के लिए EQ आवेदन की समय-सीमा को ट्रेन छूटने से पहले एक दिन करने का निर्देश दिया है। इससे पहले EQ आवेदन अंतिम समय तक स्वीकार किए जाते थे।

### बारिश में बस्तर के प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम नजारा

**रायपुर/विजय मत।** मानसून आते ही छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले का प्राकृतिक नजारा देखते ही बनता है। यहां प्रकृति अपने सबसे खूबसूरत रूप में नजर आती है। हरियाली, झरने और जंगलों का माहौल दिल को खुश कर देता है। इस मौसम में आप परिवार और दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने के साथ बस्तर के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं। बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासनं द्वारा मानसून ट्रैक की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए मानसून के मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य वाले स्थानों पर ट्रैकिंग का आयोजन किया जा रहा है। मानसून ट्रैक प्लान के तहत जिले के झरनों और जंगल-पहाड़ों जैसे दर्शनीय स्थलोंए जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैंए वहां प्रशिक्षित स्थानीय गाइडों के माध्यम से भ्रमण करवाया जाएगा। अगर आप वीकेंड पर कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बस्तर जिले के प्राकृतिक जलप्रपात चित्रकोट, तीरथगढ़, चित्रधारा, मेंदरीघूमर, तामड़ाघूमर, बीजाकसा, मिचनार ये जगहें न सिर्फ प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर हैं, बल्कि यहां मानसून ट्रैक और फोटोग्राफी के लिए भी बेहतरीन माहौल है।

# गुरुपूर्णिमा पर दादाबाड़ी में महापूजन, श्रद्धालुओं ने चारों दादागुरुदेव को किया नमन

**विजय मत, रायपुर**

गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर राजधानी की जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में चारों दादागुरुदेव की छत्रछाया में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से महापूजन किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने प्रतिष्ठाचार्य आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका गुणानुवाद किया। दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि वर्तमान खरतरगच्छ परंपरा के आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी ने देशभर में 244 जिनमंदिरों व दादाबाड़ियों की प्रतिष्ठा करवाई है और उनके सान्निध्य में 160 से अधिक आत्माओं ने जैन दीक्षा ली है। गुरुपूर्णिमा पर समर्पित भाव से पूजन और भक्ति का



आयोजन हुआ। इस अवसर पर वर्धमान चोपड़ा, निर्मल पारख और सरला बैद ने गुरुभक्ति से परिपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।

21 दिवसीय इक्तिसा जाप की घोषणा गुरुपूर्णिमा पर्व पर 21 जुलाई से 10 अगस्त तक दादागुरुदेव इक्तिसा जाप का आयोजन घोषित किया गया। 21 जुलाई को मूर्ति कलश और अखंड दीपक की स्थापना होगी, जिसकी विधि विमल गोलछा द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। पूजा समारोह में श्रीमती शैला बरड़िया, कीर्ति लोढ़ा, मधु पारख, प्रसन्न चोपड़ा, मनीष बरड़िया, ममता जैन, डॉ. योगेश बंगानी, धीरेन्द्र सेठ, संतोष झाबक, अशोक झाबक, अरुणा कोठारी, और ममता बरमट सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुपूर्णिमा पर्व पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम जैन समाज की गुरुभक्ति, परंपरा और श्रद्धा का अनुपम उदाहरण बना।

विधायक की जनचौपाल : मूणत ने कहा–

# हर वार्ड में साल में दो बार होगी जनता से सीधी बातचीत, समस्याओं का करेंगे समाधान

**विजय मत, रायपुर**

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने वीर सावरकर वार्ड अंतर्गत हीरापुर से एक नई पहल की शुरूआत करते हुए जनचौपाल का आयोजन किया. इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि अब हर वार्ड में साल में दो बार जनचौपाल होंगे, ताकि स्थानीय समस्याओं को सीधा सुनकर उनका समाधान किया जा सके. मूणत ने अपने कार्यकाल के डेढ़ साल में हुए विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी. उन्होंने बताया कि अब तक 7543.87 लाख रुपए की परियोजनाएं मंजूर हो चुकी है. इनमें से कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं. 3 लाख रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं. 111 लाख रुपये के कार्य प्रगति पर हैं.



- 23 अप्रैल 2025 को 80 लाख और 22 मई 2025 को 119.89 लाख रुपये की परियोजनाओं का भूमिपूजन हो चुका है.
- 2389.49 लाख की परियोजनाओं का भूमिपूजन शेष है.
- 4840.49 लाख रुपये के कार्य निविदा स्तर पर हैं.

***नए भवन और शयन कक्ष की घोषणा:*** स्थानीय नागरिकों की मांग पर हीरापुर के सामुदायिक भवन के लिए पहले स्वीकृत 10 लाख रुपये में 15 लाख जोड़कर अब कुल 25 लाख रुपये के अतिरिक्त निधि के साथ भवन का विस्तार किया जाएगा. साथ ही एनआरबी प्रेरणा गुरुकुलम में दिव्यांग बालिकाओं के लिए एक अतिरिक्त शयन कक्ष के निर्माण को भी 25 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है. जनचौपाल में जनता ने सड़क, नाली, जलापूर्ति, राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड जैसी समस्याएं उठाईं. विधायक मूणत ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध समाधान हो. साथ ही जनता से एप्लिकेशन में मोबाइल नंबर देने को कहा गया ताकि समाधान की जानकारी सीधे दी जा सके. मूणत ने कहा कि जिन इलाकों में अभी तक सड़कझनाली जैसी सुविधाएं नहीं हैं, उनके वीडियो बनाकर रिपोर्ट नवंबर तक प्रस्तुत की जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखी जाएगी और अनियमितता मिलने पर जांच कराई जाएगी. उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिर्फ पैसा खर्च करना ही काफी नहीं, उसका साफ लाभ जमीन पर दिखना चाहिए.

भिड़ बढ़ने पर जब कुछ लोगों की बात बाकी थी, तब विधायक ने जोर देकर कहा, ह्लजब तक आखिरी व्यक्ति की बात नहीं सुन लूं, मैं यहां से नहीं जाऊंगा.ह्व उन्होंने यह भी कहा कि रात आठ बजे तक वह जनता से बातचीत जारी रखेंगे. इस मौके पर आरापर जनचौपाल में रायपुर नगर निगम के जोन 8 आयुक्त, स्वास्थ्य, महिलाझबाल विकास, विद्युत, लोककर्म, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारी और इखढ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे. विधायक ने जोन 1, 5, 7, 8 के आयुक्तों को पत्र लिखकर सभी संबंधित गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. भिड़ बढ़ने पर जब कुछ लोगों की बात बाकी थी, तब विधायक ने जोर देकर कहा, ह्लजब तक आखिरी व्यक्ति की बात नहीं सुन लूं, मैं यहां से नहीं जाऊंगा.ह्व उन्होंने यह भी कहा कि रात आठ बजे तक वह जनता से बातचीत जारी रखेंगे।

# निगम से मिली संपत्ति कर में छूट का लाभ लेने से रह गए वंचित

**विजय मत, रायपुर**



रायपुर। रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने सम्पत्ति कर का भुगतान 30 जून तक करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की थी. समय रहते बहुत से लोगों ने इस छूट का लाभ ले लिया, लेकिन बहुत से समय रहते इस छूट का लाभ लेने से वंचित रह गए,

जिसके लिए रायपुर निगम से छूट की अवधि में बढ़ोतरी की गुजारिश कर रहे हैं. सपंत्ति कर अदा करने से वंचित रह गए अमृत पाल कहते हैं कि रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के सम्पत्ति कर का भुगतान 30 जून तक करने पर छूट दी थी. यह जानकारी उन्हें परिचित के जरिए मिली, लेकिन तब तक समय बीत चुका था, लिहाजा वे छूट का लाभ लेने से वंचित रह गए. अब भुगतान को लेकर असमंजस में हैं.

इसी तरह मुध जैन कहती हैं कि रायपुर निगम ने संपत्ति कर में छूट देने की घोषणा की थी, लेकिन वे परिवार सहित विदेश में थीं, जिसकी वजह से वे समय रहते छूट हासिल नहीं कर पाई. अगर निगम छूट की अवधि में बढ़ोतरी करता है, तो उनके जैसे अनेक लोग, जो अब तक कर नहीं अदा किया है, वे छूट का लाभ ले पाते और निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होती.

राकेश रुंगटा कहते हैं कि वे हर साल संपत्ति कर के तौर पर एक बड़ी रकम निगम को अदा करते हैं. लेकिन छूट का सही तरीके से प्रचार नहीं होने के कारण वे इसका लाभ नहीं उठा पाएं. अच्छा रहता कि निगम इसका सही तरीके से कुछ नहीं तो अपने ही होर्डिंग के जरिए शहर में जगह-जगह प्रचार कर देता, जिससे उन जैसे सैकड़ों-हजारों लोगों को इस बात की समय रहती जानकारी मिल जाती और वे भी छूट का लाभ ले पाते. बहरहाल, निगम की छूट ने बहुतों को समय पर कर अदा करने के लिए प्रेरित किया, और अब बहुत से वंचित रह गए लोग निगम से छूट की तारीख में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं।

# कैंसर केयर के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने निरंतर अग्रसर है: कार्सिनोमा केयर सेंटर

**विजय मत, रायपुर**

जब भी हम कैंसर शब्द सुनते हैं तब एक पल के लिए ही सही लेकिन इस बीमारी की भयावहता का असर हमारी बातों और विचारों से झलकने लगता है। अब जरा सोचिए कि इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का जीवन कितना भयावह होता होगा। अपनी चाची को कैंसर से जूझते हुए देखकर 24 वषीर्या अनीशा सावडिया ने व्यक्तिगत रूप से इसका अनुभव किया और यही कारण है कि वे यह समझ पाईं कि एक कैंसर मरीज को दवाओं के अलावा भी देखभाल और सकारात्मक रवैए की बहुत जरूरत होती है।

इस वजह से ही उन्होंने कैंसर मरीजों की देखभाल और बाकी सहूलियतों का ध्यान रखते हुए, कार्सिनोमा केयर सेंटर की शुरूआत की। जब यह केयर सेंटर शुरू किया गया था तब मरीजों की सही और सटीक देखभाल के लिए के लिए स्टाफ



का चयन भी बहुत जरूरी था और फीस के निर्धारण और बिलिंग फॉर्मेट को लेकर भी चुनौतियां थी, लेकिन काम अगर भलाई का है, तो मुश्किलें भगवान आसान कर ही देते हैं।

कैंसर मरीजों की विशेष देखरेख और उनके जीवन की बेहतरी के लिए कार्सिनोमा केयर सेंटर की शुरूआत सितंबर 2023 में ओडिशा के बरगढ़ से हुई, यह ब्रांच सुप्रसिद्ध विकास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में संचालित है। जुलाई 2024 में रायपुर में यह सेंटर शुरू किया गया।

# शहर जलमग्न, पूरे शहर में जलभराव निगम महापौर और चारों विधायक कहां है ?: सुशील आनंद शुक्ला

**विजय मत, रायपुर**

शहर में पहले ही बारिश में बाढ़ की स्थिति, जल भराव तथा रायपुर नगर निगम में पानी के संकट तथा निचली बस्तियों में वर्षा के कारण हुई तबाही को लेकर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने शहर के चारों विधायक तथा निगम प्रशासन पर निशाना साधा और कहा कि अभी सावन का महीना शुरू हो रहा है बारिश में शहर में पास कॉलोनियों तथा शहर के मुख्य मार्ग में बाढ़ की स्थिति है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है सड़के जर्जर है शहर के कई वार्डो में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है, आम जनता परेशान है। भाजपा विधायकों को जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं, शहर में बारिश में जल भराव से त्राहि-त्राहि मची हुई है और शहर के विधायकगण मौन हैं। शहर के



हालात को देखकर लगता है कि लोगों को बाढ़ से राहत दिलाना शहर के विधायकों तथा महापौर के बस में नहीं है। लोगों के घरों में पानी घुस रहा है, शहर के लोगों को परेशानी हो रही है। निगम प्रशासन के पास बाढ़ से निपटने के लिए कोई योजना नहीं है। लेकिन शहर विधायक गण मौन हैं। लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन शहर विधायक गण मौन हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि शहर की जनता ने महापौर मीनल चौबे को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाई और महापौर चुना लेकिन महापौर ने चुनाव में जो वायदे किए थे एक भी वादा पूरा नहीं किया। शहर को हरा-भरा एवं शुद्ध पेयजल का वादा महापौर ने किया था लेकिन महापौर बारिश में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए कोई योजना नहीं बनाई और नगर निगम की लापरवाही से आज शहर के कई इलाके बाहर से बाढ़ की चपेट में है, आम आदमी परेशान है।

# छत्तीसगढ़ पर्यटन ने कोलकाता में दर्ज कराई प्रभावशाली उपस्थिति

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों में आज एक महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ी है। कोलकाता में चल रहे ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने अपनी विशिष्ट और समृद्ध विरासत के साथ शानदार उपस्थिति दर्ज करायी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कोलकाता के टूर ऑपरेटर एवं ट्रेव्हल्स एजेंट को छत्तीसगढ़ के टूर पैकेज के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया। इस अवसर पर अध्यक्ष




नीलू शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध राज्य को भारत के इस प्रमुख पर्यटन मंच पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हमारा राज्य प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर है। छत्तीसगढ़ को आज भी ह्यअनदेखा भारतह्व कहा जाता है और यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे चित्रकोट जलप्रपात, कांगेर घाटी, सिरपुर, बस्तर का धुड़मारास के साथ-साथ भोरमदेव, डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा आदि धार्मिक स्थलों का उल्लेख किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में छत्तीसगढ़ को भी शामिल करें।

उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को अब उद्योग का दर्जा प्राप्त है और पर्यटन क्षेत्र में होमस्टे, रिसॉर्ट्स, ट्राइबल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। हमारा उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास को भी मजबूत करना है।

# सेरीखेड़ी में लखपति दीदी कार्यशाला का समापन आज

### 15 राज्यों के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के अधिकारियों ने लिया भाग

**विजय मत, रायपुर**

लखपति दीदी कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बिहार राज्य कार्यालय के सहयोग से दिनांक 9 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक किया गया।

इस कार्यशाला का समापन समारोह 11 जुलाई को सीएनटी सेरीखेड़ी में आयोजित किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में देश के 15 राज्यों के राज्य स्तरीय अधिकारी तथा भारत सरकार, नई दिल्ली से दीनदयाल अंत्योदय योजनाझराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान सीएमसी सेरीखेड़ी में सभी अतिथि छत्तीसगढ़ की लखपति दीदियों के साथ उनके अनुभव साझा करेंगे एवं सीएमसी अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का भ्रमण भी करेंगे।

# सरकार की लापरवाही के कारण बारिश में 30 लाख मीट्रिक टन धान भीगी : दीपक बैज

### मिलिंग और परिवहन के अभाव में संग्रहण और उपार्जन केंद्रों में सड़ रहे धान

**विजय मत, रायपुर**

सरकार की लापरवाही के कारण बारिश में 30 लाख मीट्रिक टन धान भीग गया है। मिलिंग और परिवहन के अभाव में संग्रहण और उपार्जन केंद्रों में सड़ रहे धान को भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और लापरवाही का परिणाम करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पिछले खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान 27 जिलों में अभी तक पड़े हैं। पूर्ववर्ती



कांग्रेस की सरकार के समय जो 72 घंटे के भीतर परिवहन की बाध्यता थी इस सरकार ने उस नियम को बदल दिया। दुर्भावना पूर्वक मिलिंग की दर घटा दी गई जिसके चलते लाखों मीट्रिक टन धान आज भी उपार्जन केंद्रों में सड़ रहे हैं। सरकार की लापरवाही और बदइंतजामी से सोसाइटी में धान भी खराब हो रहे हैं जनता की गाढ़ी कमाई और टैक्स के पैसे का नुकसान धान की बबार्दी में हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान से बना पूरा चावल नहीं खरीदा, जिसके चलते राज्य सरकार को किसानों से खरीदे गए धान के निस्तारण की समस्या उत्पन्न हो गई है।

विचार समुद्र की तरंगों के समान होते हैं। यह जितनी तेजी से आते हैं, उतनी तेजी से चले भी जाते हैं


# आज सही से बिता लिया, तो पूरी जिंदगी अच्छे से जी सकते हैं: मनीष सागर

**विजय मत, रायपुर**

आज का दिन हम सही से बिताएं, तो आने वाली पूरी जिंदगी अच्छे से बीता सकते हैं। कभी भी कुछ अच्छा सोचते हैं, तो यह बात मानकर चलिए कि हम जैसा सोचते हैं, वैसा हो जाए, यह जरूरी नहीं है।

जरूरी है कि विपरीत से विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार रहकर हम खुद को आज के लिए तैयार करें। बुधवार को चातुर्मास की शुरूआत पर विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में धर्म सभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर मनीष सागर महाराज साहब ने यह बातें कही।

उन्होंने कहा, माना जाता है कि अच्छे काम करने जाओ तो बहुत सारे विघ्न आते हैं। सिर्फ सोचने से काम नहीं चलेगा। विचार समुद्र की तरंगों के समान होते हैं। यह जितनी तेजी से आते हैं, उतनी तेजी से चले भी जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आज ऐसा संकल्प लें, जो कम से कम अगले 4 महीने तक टिका रहे। यह लॉन्ग जर्नी है। बीच में हमारा इंजन फेल नहीं होना चाहिए।



अच्छी इच्छा शक्ति के साथ चातुर्मास की शुरूआत हो इसलिए हमें अपने भीतर चिंतन-मनन करना है। अगर अपने साथ बेइमानी नहीं करना चाहते हैं, तो इस चातुर्मास को अच्छे से बिताएं?। धर्म में बताए गए नियम-धर्मों का पालन करें। अपने तन का विकास होना चाहिए। अपने भावों में सुधार होना चाहिए। अपना व्यवहार बेहतर होना चाहिए। अपना पूरा व्यक्तित्व बदल जाना चाहिए। जिस तरह योद्धा जब मैदान में उतरता है, तो तीर-भाला सब लेकर उतरता है। उसे पता है कि कुछ भी परिस्थिति आ सकती है।

वो खुद को उसी हिसाब से तैयार करता है। ऐसे ही हमें भी अपनी पूरी तैयारी के साथ चातुर्मास में उतरना है। अपने जिन कर्तव्यों की विस्मृति हो चुकी है, उन्हें फिर स्मृति में लाना है। हम कोई सेठ, पति-पत्नी, पुत्र या पिता नहीं, अभी हम एक श्रावक हैं। जब अपना पद याद रहेगा, तो अपना कर्तव्य याद रहेगा।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# सुंदर दिखने मौत को गले लगाते युवा

वर्तमान समाज में सुंदरता की परिभाषा इतनी विकृत हो चुकी है। युवा वर्ग अपने जीवन को दांव पर लगाने में भी संकोच नहीं कर रहा है। अभिनेता शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन की प्रेमिका दिवंगत अभिनेत्री सैफाली की असामयिक मृत्यु ने इस विकृत मानसिकता पर हम सभी का ध्यान खींचा है। आज के दौर में खूबसूरत दिखना एक बड़ी मानसिक बीमारी बन गई है। जीवन जीने के लिए सुंदर शरीर का होना जरूरी है? इसको लेकर एक नई मानसिकता युवा वर्ग में देखने को मिल रही है। शरीर की फिटनेस, ग्लोइंग स्किन, परफेक्ट फिगर, इंस्टाग्राम-रेडी चेहरा जैसी सोच ओर मान्यताएं युवा वर्ग, जिसमें लड़के और लड़की दोनों हैं, इस सोच के शिकार हैं। अधेड़ उम्र में यह मानसिकता और भी खतरनाक हो जाती है। जब धीरे-धीरे उम्र का असर शरीर पर दिखने लगता है। अधेड़ वर्ग कुंठा का शिकार होने लगाता है। युवाओं में सोशल मीडिया की दिखावटी दुनिया ने सुंदरता के मायने शक्ल-सूरत ड्रेस और बाहरी सौंदर्य तक सीमित कर दिया है। वर्तमान पीढ़ी में आत्म मूल्यांकन का आधार विचार, व्यवहार या ज्ञान नहीं, बल्कि शरीर का सौंदर्य और पहनावा स्टेटस सिम्बल बन गया है। स्किन-फेयरनेस क्रीम, बोटॉक्स, सर्जरी, डाइटिंग, स्टेरॉयड और महंगे कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट जैसे रसायनों के पीछे भाग रहे है। युवा, अधेड न केवल अपनी असल पहचान खो बैठते हैं, बल्कि धीरे-धीरे मानसिक बीमार बनाकर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। अब तो हद हो गई है जब युवा और अधेड़ आत्महत्या जैसे कृत्य करने लगे हैं। सुंदर दिखने और फैशन की इस होड़ ने युवाओं के आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को खोखला कर दिया है। बॉलीवुड से लेकर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के बाद यह बीमारी अब समाज के मध्यम एवं निम्न वर्ग तक तेजी के साथ फैलती चली जा रही है। सभी नकली और अवास्तविक सौंदर्य मानक के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# जनसंख्या नीति नहीं, जनजागरूकता है असली समाधान

**योगेश कुमार गोयल**

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

> आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है।



विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# विश्व में बढ़ती जनसंख्या एक विस्फोट : जिम्मेदार कौन?

**नरेन्द्र भारती**

बेशक 11 जुलाई 2025 को दुनिया के देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस औपचारिकता मात्र रह गए है। 2025 में जनसंख्या दिवस का थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना रखा गया है द्यहर साल विश्व में एक संकल्प लिया जाता है कि जनसंख्या को नियंत्रित किया जाएगा मगर धरातल पर कुछ नहीं होता। साल 1989 से जनसंख्या दिवस को मनाने का निणर्य लिया गया था। बढ़ती जंनसंख्या बहुत ही चिंतनीय विषय है। आज हमारे देश की जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है यह दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है द्य चीन की आबादी एक सौ चालीस करोड़ से अधिक है। 1947 में भारत की जनसंख्या 34 करोड़ थी द्ययह निरंतर बढ़ती ही जा रही है। बढ़ती जनसंख्या चिंता का सबब बनती जा रही है। विश्व की जनसंख्य 8.180 बिलियन है। 1918 में 1.8 बिलियन थी। देश के लोगों को आज जनसंख्या को नियंत्रित करने का संकल्प लेना होगा। भारत व चीन विश्व के अधिक जनसंख्या वाले देश है। प्रतिवर्ष जनसंख्या दिवस पर लोगों को जागरुक किया जाता है। सैमीनार लगाए जाते है रैलीयां निकाली जाती है। मगर एक दिन के दिवस से जनसंख्या को रोकना नाकाफी है। नुकड नाटकों के माध्यम से लोगों को जनसंख्या से हो रही मुश्किलों से अबगत कराया जाता है। मगर लोगों के सिर जूं तक नहीं रेंगती। जनसंख्या के बढ़ते काफिले को रोकना होगा। सरकारों द्वारा जनसंख्या के बढ़ते सैलाब को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर करोंडों रुपया खर्च किया जाता है। विश्व में जनसख्या बढ़ती ही जा रही है। जनसंख्या रोकने के लिए सरकारों के प्रयास विफल होते जा रहे है। लोगों द्वारा मनमानी की जा रही है। सरकार जनसंख्या को रोकने के लिए कई अभियान चला रही है। हम दो हमारे दो का नारा दिया गया मगर किसी ने भी इस पर अमल नहीं किया। लड़के की चाह में आधा दर्जन तक बच्चे पैदा कर लिए। आज लड़का-लड़की में भेदभाव किया जा रहा है। आज सब बराबर है। अगर छोटा परिवार होगा तो हर आदमी सुखी जीवन जी सकता है। कुछ मनमानी करने वालों ने क्रिकेट की टीमें पैदा कर दी है। आज जनसंख्या का विकराल रुप होता जा रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# त्रासदी : सैलाब के मजे में जनसैलाब

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

देश में इन दिनों चहुंओर मानसूनी बारिश खूब बरस रही है। सालों बाद जरूरत के मुताबिक ऐसी बारिश देखने को मिली। हां बरखा से जीवन व जमीन को सुविधा और दुविधा साथ-साथ हो रही है। आलम कहीं सूखे से राहत तो कहीं बाढ़ की आफत तो कहीं फसल की खुशामत तीनों हद की हिमाकत पर है। येही तो असली कुदरत का करिश्मा है। जिसे हम मानव अपनी होशियारी व हरकत से हुकूमत समझते आए हैं। नतीजतन पानी-पानी के लिए त्राहिमाम- त्राहिमाम होना हमारी फितरत बन गई है। बकौल गंदगियों से जिंदगियां तबाह, पावन सलिला आचमन होकर सूखे कंठ और जमीं को तृप्त नहीं कर पा रही है। बावजूद सबक लेना तो दूर उसके कारक भी मानव रूपी दानव बे-रोक टोक बनते जा रहे हैं।

> हां बरखा से जीवन व जमीन को सुविधा और दुविधा साथ-साथ हो रही है। आलम कहीं सूखे से राहत तो कहीं बाढ़ की आफत तो कहीं फसल की खुशामत तीनों हद की हिमाकत पर है। येही तो असली कुदरत का करिश्मा है। जिसे हम मानव अपनी होशियारी व हरकत से हुकूमत समझते आए हैं। नतीजतन पानी-पानी के लिए त्राहिमाम- त्राहिमाम होना हमारी फितरत बन गई है। बकौल गंदगियों से जिंदगियां तबाह, पावन सलिला आचमन होकर सूखे कंठ और जमीं को तृप्त नहीं कर पा रही है। बावजूद सबक लेना तो दूर उसके कारक भी मानव रूपी दानव बे-रोक टोक बनते जा रहे हैं।

## प्रकृति अनमोल धरोहर

ये भूलते हुए कि प्रकृति हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। उसे संजोए रखने के बजाए नेस्तनाबूत करने में प्राणपण से जुटे हुए हैं। इसीलिए प्रकृति भी अपना हिसाब समय-समय पर पूरा कर देती है। ऐसे में भी जल प्लावन, अतिवृष्टि, भूकंप, भूस्खलन, दुर्घटना और आगजनी जैसी त्रासदी में हमारी मजे की चाहत हिलौरें मारती नहीं थकती। ऐसा ही मंजर हालिया घरों, सड़कों, नदी, नालों और तालाबों में आई विनाशकारी उफान में दिखाई पढ़ा। जहां जल प्रलय, सैलाब में उमड़े जनसैलाब ने चलो, चलें बाढ़ का मजा ले कहने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जैसे समुद्र का तट, झील की ठंड़क और वादियों का मनोहारी आबोहवा हो वैसे ही ललक से त्रासदी का मनचाहा लुत्फ उठाने में सिरमौर रहे।



## बर्बादी का कहर

वीभत्स! विनाश पर तमाशबीनों ने गजब का तमाशा बनाया। बे-खबर राहगिरों, बीमार और जरूरतमंदों की आवाजाही में अड़ंगा लगाए रखा चाहे रास्ता जलमग्न ही क्यो ना हो? तथा मौके पर राहत में जुटा अमला और सुरक्षा कर्मी मुसीबत में फंसे त्रस्त को छोड़कर मजाकियां ग्रस्त को समझाते, झड़काते तथा हटाते रहने में मजबूर रहा। बावजूद नुक्ता-चिनी और नुराकुश्ति में मशगूल बेदरंगी अपना रौब झाड़ते हुए अपने यारों को दूरभाष यंत्र पर आंखों देखा हाल, चित्र और चलचित्र दिखाकर बर्बादी का कहर देखने न्यौता देते रहे। बिना देर गंवाए यारी भी ऐसी निभी की पलक झपकते ही शागिर्दों का रैन बसैरा वाहनों का काफिला लेकर सड़कों पर धमाचौकड़ी मचाते रहा। और तबाही का हर सुख लेते तक टस से मस नहीं हुआ, जब तक पानी खतरे से नीचे नहीं आया।

## बेखौफ जमघट

बद्स्तुर यहां वक्त की दुहाई देते थकने नहीं वाले सरकारी नुमाइंदे, राजनैतिक आकाओं, डाक्टरों और व्यापार जगत के साहूकारों का जमघट बेखौफ, नफे नुकसान बैगर नाश को शान से देखता रहा। बरबस, तसल्ली से प्रफुल्लित मुद्रा में नाते- रिश्तेदारों को महाप्रलय की अजर- अमर खुशखबरी सुनाई। खातिरदारी में फुटकर चना, फल्ली, मक्का, चाय, पान और मंगोड़े इत्यादि बेचने वालों ने मौके का फायदा उठाकर मेहनत की कमाई कर ली।

## विपदा के गुनाहगार

काश! इतनी ही शिद्दत, दौलत और मेहनत आपदा व बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए कर दी जाती तो डूबते को तिनके का सहारा हो जाता। कई उजड़े घरों को परछाई, बीमार को दवाई, बच्चों को पढ़ाई, बेरोजगारों को कमाई, किसान को उपज की भरपाई और गरीबों की भलाई हो जाती। लेकिन चंद मुठ्ठी भर सेवादानों और सरकारी मोहकमों के अलावा किसी ने इनकी परवाह तक नहीं की। उलट छोड़ दिया हालातों पर अपने नयन सुख के निहारने के वास्ते मौजदारों ने। गफलतबाजी में कि इस विपदा के वाकई कोई गुनाहगार है तो हम है और हम ही है, जिसका परिणाम आज दूजे तो कल हमें भोगना है।

## बेरुखी से दरकिनार


अलबत्ता, बचाव ही उपाय है यह मूल मंत्र हमें प्रलयकारी मुसीबतों से बचा सकता है। इसके लिए हमें समय रहते कारगर कदम उठाने की जरूरत है। जो हम बेरुखी में सालों से दरकिनार करते आए हैं। प्रतिफलन सूखा, बाढ़ और भूस्खलन आदि दिक्कतें जन-जीवन तथा परि आवरण को आगोश में ले रही हैं।

## प्रकृति का विदोहन

लिहाजा, अब बिना देर गंवाए अवैध उत्खनन- प्रदूषण रोकने, जल- जंगल- जमीन- पशुधन बचाने, वृक्ष बनाने, जैविक खेती को बढ़ावा, कांक्रीट के संजाल से मुक्ति और स्वच्छता के ईमानदारी से ठोस प्रयास करने पड़ेंगे। समेत हर घर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जल सोख पीड़, पेड़ का मनोपयोग और कमशकम जिला स्तर पर नदी- नाला- तालाबों को जोड़ने की परिकल्पना जल संरक्षण के निहितार्थ साकार करना होगा। तब ही सही मायनों में प्रकृति का विदोहन सजा की जगह मजा की सुखद अनुभूति देंगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8424



**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

**शब्द पहेली -8423 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | आ | र | ति | ■ | अ | ना | मि | का |
| आ | ना | ■ | ल | जी | ज | ■ | ■ | र |
| ले | ■ | श | मि | ■ | र | न | ■ | तू |
| ख | ल | ब | ला | ना | ■ | र | ई | स |
| ■ | ग | ■ | ना | ■ | म | ■ | मा | ■ |
| ख | न | न | ■ | म | नो | न | न | य |
| लि | ■ | ल | क | ■ | रं | ग | ■ | ती |
| हा | ■ | ■ | हा | फि | ज | ■ | का | म |
| न | स | वा | र | ■ | न | ज | ला | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**11 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.49 बजे से |
| चंद्र | धनु में | सिंह | 08.06 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.17 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.28 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.43 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.59 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.04 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.23 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.54 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 01.34 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 03.32 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 192 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 02.09 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 05.56 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 20.44 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.11 बजे तदनन्तर कौलव 02.09 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 06' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872402 **जूलियन दिन** 2460867.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore


## सार समाचार



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायगढ़ प्रवास पर रहेंगे

**विजय मत, रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 जुलाई को एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री साय प्रातः10.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11 बजे ओपी जिंदल एयर स्ट्रीप रायगढ़ पहुंचेंगे। तत्पश्चात पूर्वान्ह 11.30 बजे अघोर गुरूपीठ ट्रस्ट बनोरा जायेंगे एवं गुरू दर्शनम् कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 12.30 बजे अघोर गुरूपीठ ट्रस्ट बनोरा से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ आयेंगे एवं रेडी टू ईट कार्यक्रम अंतर्गत अनुबंध पत्र का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 1.15 बजे कलेक्टोरेट परिसर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे ग्राम-कोसमनारा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 2 बजे कोसमनारा से ओपी जिंदल एयर स्ट्रीप रायगढ़ आयेंगे एवं वहां से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मिर्गी बीमारी के इंजेक्शन की सप्लाई पर रोक



**विजय मत, रायपुर।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन ने मिर्गी व हेड इंजुरी में झटके रोकने वाले इंजेक्शन फेनीटोन सोडियम इंजेक्शन की सप्लाई पर रोक लगा दी है। साथ ही दिल्ली स्थित इंजेक्शन सप्लायर कंपनी ह्यसिस्टोकेम लेबोरेटरीह्व को नोटिस भी थमा दिया है और कंपनी में बने अन्य बैच के स्टैंडर्ड इंजेक्शन की सप्लाई अस्पतालों में रोक दी गई है। कंपनी को नई बैच का इंजेक्शन भेजने को कहा गया है। इसके अलावा नहीं दोनों बैचों को पूर्व में परीक्षण करने वाली लैब से अलग अन्य अनुबंधित एनएबीएल प्रमाणित लैब में फिर से क्वॉलिटी परीक्षण के लिए भेजा गया है। यह कदम ऐहतियातन उठाया गया है. समाचार पत्रों में मिर्गी और हेड इंजुरी में झटके रोकने वाला इंजेक्शन फेनीटोन सोडियम के सब स्टैंडर्ड होने की खबर सामने आई थी, जिसके बाद दवा कॉर्पोरेशन को कंपनी से जवाब तलब किया है। नोटिस में पूछा गया है कि आखिर सब स्टैंडर्ड इंजेक्शन की सप्लाई क्यों की गई? क्यों न इसके लिए कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कंपनी से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। इंजेक्शन की सप्लाई आंबेडकर अस्पताल के अलावा डीकेएस सुपर स्पेशलिटी समेत प्रदेशभर के सभी जिला अस्पतालों व सीएचसी में हुई थी।

### होटल मेजबान संचालक अभियान से जुड़कर सुरक्षा के लिए लगाया सीसीटीवी

**विजय मत, रायगढ़।** राजापारा मोती महल मार्ग पर स्थित होटल मेजबान के संचालक मुबाशिर हुसैन ने आज बताया कि उन्होंने रायगढ़ पुलिस के सीसीटीवी जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर अपने होटल के बाहर दो सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं, जो सीधे सड़क पर फोकस करते हैं। मुबाशिर हुसैन ने बताया कि इन कैमरों से होटल की सुरक्षा तो बढ़ती ही है, साथ ही आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखना भी संभव होता है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी की उपस्थिति से असामाजिक तत्व कुछ भी गड़बड़ी करने से हिचकिचाते हैं और यदि किसी आम नागरिक के साथ कोई घटना या दुर्घटना होती है तो पुलिस को जांच में तत्काल फुटेज मिल जाने से कार्यवाही में तेजी आती है। संचालक मुबाशिर हुसैन ने रायगढ़ शहरवासियों से अपील की है कि वे भी इस अभियान से जुड़ें, अपने घर, प्रतिष्ठान, दुकान या संस्थान में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं और कम से कम एक कैमरा सड़क की दिशा में अवश्य फोकस करें, ताकि आसपास का जनसुरक्षा तंत्र मजबूत हो सके।

**2025-26 में उत्पादन 400 लाख एवं स्टैण्डर्ड फ्राई उत्पादन 80 लाख से अवगत कराया गया**

# मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**विजय मत, सूरजपुर**

शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य का निरीक्षण कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू द्वारा किया गया। सहायक संचालक मछली पालन एम.एस. सोनवानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को प्राप्त लक्ष्य स्पान उत्पादन 400 लाख एवं स्टैण्डर्ड फ्राई उत्पादन 80 लाख से अवगत कराया गया। इसके विरुद्ध में वर्तमान तक 120 लाख स्पान उत्पादन, प्राप्त कर लिया गया है और आगे भी कार्य जारी है। कलेक्टर द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, स्पॉनिंग पूल, इनक्यूवेशन पूल, प्रजनक पोखर, संवर्धन पोखरों का अवलोकन कर स्पॉन, फ्राई, फिंगरलिंग की उपलब्धि के संबंध में जानकारी लिया गया। सहायक संचालक ने बताया कि जिले के मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत मत्स्य कृषकों को माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में 50



प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज फिंगरलिंग वितरण करना प्रारंभ कर दिया जायेगा। शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत पंचायत के तालाबों को 10 वर्षीय लीज पर पट्टे में लेकर मछली व्यवसाय करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े सदस्यों के साथ कलेक्टर द्वारा चर्चा किया गया। जहां समूह के सदस्यों ने मौसमी तालाबों में मछली का उत्पादन कम एवं आमदनी 2000 रू0 होना बताया गया जो कि काफी कम है। तालाब डबरियों में कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, कामन कार्प मछलियों के वृद्धि हेतु कम से कम 1 से 1.50 कि0ग्रा0 होने पर ही बाजार में विक्रय करें जिससे 50000 से 100000 तक की आमदनी में वृद्धि हो सके साथ ही एन.आर.एल.एम. के तहत आजीविका गतिविधियां बढ़ाने हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत पोण्ड लाईनर निर्माण कर पंगेशियस एवं तिलापिया प्रजाति का पालन कर मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया।

### बीज का संचयन कर मत्स्य पालन का कार्य

कलेक्टर द्वारा प्रक्षेत्र भ्रमण पश्चात ग्राम बसदेई में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत नरेंद्र सिंह द्वारा निर्मित पोंड लाइनर का अवलोकन किया गया। जहां पोंड लाइनर निर्माण, मत्स्य बीज संचयन, पूरक आहार, मत्स्य उत्पादन एवं विक्रय की जानकारी लिया गया। नरेन्द्र सिंह ने बताया कि विगत वर्ष मत्स्य विक्रय से राशि 300000/- रुपये की आमदनी प्राप्त हुई। वर्तमान में 20000 नग पंगेसियस मत्स्य बीज का संचयन कर मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान रामलाल मरावी जनपद सदस्य, मनोज सिंह सरपंच, गौतम राजवाड़े उप सरपंच, शिवनारायण यादव सचिव, माधुरी भण्डारी बी.पी.एम., प्रक्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# अशिक्षितों को साक्षर बनाने की पहल

## उल्लास साक्षर केंद्र का दूसरा बैच शुरू



**विजय मत, बीजापुर**

जिले में अशिक्षितों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से ₹उल्लास साक्षर केंद्र₹ का दूसरा बैच प्रारंभ किया गया है। यह कार्यशाला 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें साक्षर बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विशेष रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शिक्षा के माध्यम से उनके भविष्य को संवारने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में स्वयंसेवी शिक्षक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जो समर्पण भाव से ग्रामीणों को शिक्षित करने के कार्य में जुटे हैं। इस पहल के तहत पढ़ाई के लिए पोस्टर, कॉपी, कलम और स्लेट का वितरण किया गया ताकि इच्छुक शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री की कोई कमी न हो। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, जिला परियोजना अधिकारी कमल दास झाड़ी, लेखापाल श्रीनिवास, कुमारी स्मृति ठक्कर, उमा शंकर मोरला और मनोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाना और हर वर्ग को साक्षर बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है।

**समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए निर्देशित किया**

# लगातार हो रही वर्षा की स्थिति पर निगाह रखने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**विजय मत, कांकेर**



कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज राजस्व विभाग की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में वर्तमान में हो रही लगातार वर्षा को दृष्टिगत करते हुए अपने-अपने अनुविभाग में सतत मॉनिटरिंग करने एवं स्थिति पर नजर रखने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इसके अलावा धान-बीज वितरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बच्चों के किए जा रहे आधार पंजीयन हेतु आवश्यक सहयोग करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज अपरान्ह 3.30 बजे आहूत बैठक में कलेक्टर ने सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समय में अपने कार्यालय में उपस्थित रहने तथा लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करें। उन्होंने सभी तहसीलों में वषार्मापी यंत्रों का समुचित रखरखाव और आवश्यकतानुसार दुरूस्त कराने के लिए तहसीलदारों को निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे और अनुविभागीय अधिकारी कांकेर अरूण वर्मा ने राजस्व विभाग से संबंधित सीमांकन, बटांकन, अविवादित नामांतरण, व्यपवर्तन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, नक्शा अद्यतीकरण, डिजिटल हस्ताक्षर, एफआरए की ऑनलाइन प्रविष्टि सहित विभिन्न तहसील न्यायालयों में लंबित राजस्व मामलों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने एवं ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**विजय मत, महासमुंद।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी शनिवार 13 सितंबर को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव कु. आफरीन बानो ने बताया कि बढ़ते प्रकरणों तथा लंबित प्रकरणो के निराकरण करने के उद्देश्य से आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के तैयारियों के संबंध में आज माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में प्री.लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली गई।

# अंबागढ़ चौकी में बाढ़, प्रशासन ने नदी किनारे के घरों को कराया खाली

**विजय मत, राजनांदगांव**

जिले में पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिले में अब तक 250 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो औसत से 10 मिमी अधिक है। इसमें से 156 मिमी बारिश पिछले चार दिनों में ही हुई है। शिवनाथ नदी में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। चार जलाशयों से कुल 36 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मोंगरा बैराज से 20 हजार क्यूसेक, घुमरिया नाला बैराज से 10,800 क्यूसेक, सूखा नाला बैराज से 5,200 क्यूसेक और खातू टोला बैराज से 600 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नदी का पानी किनारे बसे गांवों में



प्रवेश करने लगा है।

अंबागढ़ चौकी के कुछ वार्ड प्रभावित हुए हैं। सुरक्षा के लिए नदी किनारे स्थित घरों को खाली करा लिया गया है। चौकी से राजनांदगांव तक शिवनाथ में स्थित सभी 13 एनीकट जलमग्न हो गए हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिले को ऑरेंज अलर्ट पर रखा गया है। 9 जुलाई की सुबह से तेज बारिश हुई, दोपहर में कुछ देर धूप निकली, लेकिन शाम को फिर तेज बारिश शुरू हो गई। किसान अब बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि धान की रोपाई शुरू कर सकें।

# दुर्ग रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित

**विजय मत, रायपुर**

मध्य छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ रेल यातायात को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर रेल पटरी पानी में डूब गई है, जिससे कई ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा है और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 10 जुलाई को मध्य छत्तीसगढ़ के




एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। हालांकि, 11 जुलाई से प्रदेशभर में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के आसार हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में औसतन 13.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक कुल 343.6 मिमी वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 15प्रतिशत अधिक है. केवल दुर्ग जिले में ही बीते दिन 13 सेमी बारिश रेकॉर्ड की गई। बारिश के चलते मोंगरा बांध से पानी छोड़ा गया, जिससे शिवनाथ नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों और शहरी इलाकों की कॉलोनियों में पानी घुसने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

# आज के जमाने का असली गुरूजी

**विजय मत, बिलासपुर**

बिलासपुर से 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम खजुरी निवासी करमू सिंह रतन प्राथमिक पाठशाला खजरी से वर्ष 2014 में प्रधानपाठक के पद से रिटायर हुए. इसके बाद से वे शासकीय प्राथमिक शाला सकेती और खजुरी में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। रतन गुरूजी ने बताया कि उनका उद्देश्य नींव का पत्थर बनना है। गुरुजी करमू सिंह रतन के मुताबिक बालकों की समस्याओं को दूर करना ही प्राथमिकता है. आए दिन यह बात सामने आती है कि कक्षा 5वीं व 8 वीं के बच्चे पहली इसे और दूसरी की पुस्तक नहीं पढ़ सकते हैं। चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए वे रिटायर होने के बाद ग्राम सकेती और खजरी में 3 वर्ष से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे



हैं। बालिका शिक्षा की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्ष 2013 में करमू सिंह रतन को प्रदेश के तात्कालिन राज्यपाल शेखर दत्त सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके उन्हें शिक्षकीय कार्य के लिए सम्मानित कर चुकी हैं। रतन गुरुजी ने बताया कि कक्षा पहली के बच्चों की नींव मजबूत हो और 9 माह में बच्चों को पढ़ना और लिखना आ जाए।

# अपर कलेक्टर कौशिक ने जनपद पंचायत गुरूर में वृहद वृक्षारोपण के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

**विजय मत, बालोद**

अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने आज जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में 18 जुलाई को ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण के संबंध में बैठक ली। बैठक में कौशिक ने सभी विभागीय अधिकारियों को सघन वृक्षारोपण अभियान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालोद जिले में 18 जुलाई को ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत एक साथ सघन वृक्षारोपण किया




जाएगा। बैठक में सघन वृक्षारोपण हेतु पौधों की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा पौधरोपण हेतु गड्ढा खोदकर रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर, जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण के अलावा विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे। बैठक में कौशिक ने बताया की 18 जुलाई 2025 को पूरे बालोद जिले में दो लाख पौधा जनभागीदारी के माध्यम से रोपित किया जाना है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम जनता को प्रकृकति से जोड़ना है। वृहद वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत एसडीएम रामकुमार सोनकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने सभी सरपंच, सचिवों को पौधरोपण हेतु स्थल चयन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रोपित पौधे की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने को कहा।

**खास-खबर**

**अमित नक्सल संगठन में DVCM कैडर का था, इस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था**

# नक्सली को हुआ एकतरफा प्यार, सरेंडर के बाद बताया लव स्टोरी

**विजय मत, बस्तर**

जगरगुंडा इलाके का रहने वाला है। इसकी पत्नी अरुणा लेकाम बीजापुर जिले के एक गांव की रहने वाली है। आगे अमित ने कहा कि, सरेंडर तो कर दिया हूं। अब परिवार बढ़ाने के लिए, बच्चे के लिए मैं अपनी नसबंदी खुलवाऊंगा। मैं ऊस्न्न् में नहीं जाना चाहता। बस पत्नी के साथ गांव में रहकर खेती-किसानी करना चाहता हूं। खुशहाल जीवन चाहता हूं। अमित ने बताया कि वो और उसकी पत्नी किसी भी मुठभेड़ में शामिल नहीं रहे हैं। अमित नक्सल संगठन में ऊश्उट कैडर का था। इस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जबकि इसकी पत्नी अउट कैडर की थी। ये 5 लाख रुपए की इनामी नक्सली थी। अमित कहता है- मेरी मां अकेली है। पिता, भाई, बहन कोई नहीं हैं। जब 12-13 साल का था तो अउट लिंगे नक्सल संगठन में भर्ती करने मुझे ले




गई। वहीं हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी। जिसके बाद पहले बस्तर के अलग लोकेशन में मुझे भेजा गया। फिर अबूझमाड़ और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली भेजा। मेरा प्रमोशन किया गया और नक्सली लीडर वेणुगोपाल के सुरक्षा गार्ड में शामिल किया गया। ज्यादातर अबूझमाड़ और गढ़चिरौली बॉर्डर पर ही थे। इसी बीच साल 2019 से पहले गढ़चिरौली में एक पार्टी मीटिंग के दौरान अरुणा से मुलाकात हुई। अमित ने बताया कि, पहली नजर में ही वो मुझे पसंद आ गई। वो नक्सल संगठन की मीटिंग के दौरान खाने का बंदोबस्त करना, गांव-गांव से सामान लाने का काम करती थी। मैं किसी न किसी तरह से उससे बात करने की कोशिश करता था। वहीं जब भी उस तरफ जाना होता था तो अरुणा से जरूर मिलता था। हालांकि, तब तक उसे नहीं पता था कि मेरे मन में उसके लिए फीलिंग्स है। वहीं एक दिन बहुत हिम्मत जुटाया और उसे प्रपोज कर दिया। वो हैरान रह गई। कुछ दिनों तक बात भी नहीं की।लेकिन दो महीने के बाद उसने रिश्ता कबूल कर लिया। यदि पति-पत्नी दोनों नक्सली हैं तो नक्सल संगठन में पैरेंट्स बनने की इजाजत नहीं है। साल 2019 में मेरी नसबंदी करवाई गई। फिर दोनों ने शादी कर ली। हालांकि, दोनों पैरेंट्स बनना चाहते थे।

# पिता-दादा के बाद चाचा को खोया आदित्य पर टूटा दुखों का पहाड़

**विजय मत, सरगुजा**

मानवता की मिसाल पेश करते हुए समाजसेवी संस्था अनोखी सोच ने एक बार फिर असहाय परिवार की मदद करते हुए उनके स्वजन का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया। यह कार्य न केवल संवेदनशीलता का उदाहरण बना, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दे गया. महामायापारा निवासी बंटी कश्यप (उम्र 32 वर्ष) की बीती रात पानी में डूबने से मौत हो गई थी। परिवार अत्यंत निर्धन है और अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने में असमर्थ था। इस पर मृतक की भाभी ने संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू से मदद की गुहार लगाई. अनोखी सोच के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू एवं उनके साथियों ने शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ बंटी कश्यप का अंतिम संस्कार करवाया। संस्था ने सारी सामग्री स्वयं उपलब्ध कराई। सबसे भावुक क्षण तब आया जब मृतक को मुखाग्नि देने का कार्य उसके मात्र 10



वर्षीय भतीजे आदित्य ने किया। आदित्य पहले ही अपने पिता और दादा को मुखाग्नि दे चुका है। संस्था ने यह भी वादा किया कि आने वाले समय में आदित्य और उसके परिवार की पूरी जिम्मेदारी वे उठाएंगे, जिससे उनका जीवनयापन सामान्य हो सके घटना स्थल पर मौजूद लोग भावुक हो उठे जब देखा कि इस दुख की घड़ी में कोई अन्य आगे नहीं आया, सिर्फ अनोखी सोच ही मदद के लिए सामने आई। संस्था ने न सिर्फ अंतिम संस्कार कराया, बल्कि भविष्य में भी सहयोग देने का भरोसा जताया।

# दंपती हत्याकांड का पुलिस ने किया सीन रीक्रिएशन

विजय मत, कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में डॉक्टर दंपती हत्याकांड का खुलासा करने के बाद पुलिस गिरफ्तार आरोपी को बुधवार दोपहर 2 बजे के आसपास क्राइम सीन रीक्रिएशन के लिए रामनगर इलाके में घटनास्थल ले गई। कवर्धा पुलिस ने 8 साल बाद डबल मर्डर केस में आरोपी ड्राइवर पकड़ा है। बतादें कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रामनगर इलाके रहने वाले डॉक्टर दंपती की 2017 में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस डबल मर्डर केस का खुलासा करते हुए बताया कि पहले डॉक्टर ने अपनी पत्नी को मार डाला, जिसे डॉक्टर के ड्राइवर ने देख लिया। मर्डर के वक्त ड्राइवर डर गया। उसे लगा कहीं डॉक्टर उसे भी न मार डाले। फिर ड्राइवर ने घबराकर डॉक्टर की हत्या कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों का नाम डॉक्टर गणेश सूर्यवंशी (54) अपनी पत्नी डॉ. उषा (52) है। वहीं डॉक्टर की हत्या करने वाले ड्राइवर का नाम सत्यप्रकाश साहू (35) है। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे, पुलिस ने आरोपी को लेकर रामनगर में घटनास्थल पर पहुंचकर फिर पूरे इलाके को सिक्योर करते हुए हत्याकांड का सीन रीक्रिएशन किया। आरोपी को उसी रास्ते से घर के अंदर ले जाया गया, जिससे वह 8 साल पहले दाखिल हुआ था। हत्या के हर पल, हर कदम को उसी क्रम में दोहराया गया। इस दौरान उसने बताया कि कैसे वह घर में घुसा, डॉक्टर दंपती के बीच क्या विवाद हुआ, कैसे डॉक्टर ने पहले पत्नी की हत्या की और फिर आरोपी ने डॉक्टर को मार डाला। सीन रीक्रिएशन के दौरान पुलिस हर अहम बिंदु पर आरोपी से सवाल पूछ रही थी- यहां क्या किया?, कहां मारा?, कब भागा? आरोपी बिना झिझक हर सवाल का जवाब दे रहा था, मानो वर्षों से वह अपने मन का बोझ हल्का करना चाहता हो। इस प्रक्रिया में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम मौजूद रही। एफएसएल अधिकारियों ने पुराने फोटोग्राफ्स, खून के निशान, संघर्ष के संकेत, और भागने के रूट के आधार पर सबूत जुटाए। पूरी सीन रीक्रिएशन की वीडियोग्राफी भी की गई, ताकि कोर्ट में इसे ठोस सबूत के रूप में पेश किया जा सके। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी के बयान और घटनास्थल के हालातों में काफी मेल पाया गया है। साथ ही कुछ नई बातें भी सामने आई हैं, जो पहले की जांच में सामने नहीं आए थे। अब पुलिस इस हत्याकांड को लेकर कोर्ट में मजबूत सबूतों के साथ चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है।



# बदमाश राजा की तलाश में रायपुर पुलिस, चाकूबाजी कर फरार

विजय मत, रायपुर

राजधानी में देर रात चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया गया है। निगरानी बदमाश राजा बैजड ने चाकूबाजी की है। पुलिस की टीम आरोपी राजा बैजड की तलाशी में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक टिकरापारा थाना क्षेत्र में निगरानी बदमाश राजा बैजड ने पुरानी रंजिश को लेकर मोहम्मद सादिक उर्फ. मोना तिगाला पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि मोना तेली बाबू जीएसटी का जन्मदिन मानकर घर जा रहा था। इसी दौरान राजा बैजड ने उसकी कार रुकवाई और उसपर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राजा बैजड फरार हो गया है। बता दें कि राजा बैजड निगरानी बदमाश है और काफी दिनों से जेल में बंद था। राजा हाल ही में जेल से छूटा था और पुरानी रंजिश को लेकर मोहम्मद सादिक उर्फ. मोना तिगाला को चाकू मार दिया। इस वारदात में मोना तेली गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस की टीम आरोपी राजा बैजड की तलाशी में जुट गई है।






# कोंटा और भेज्जी जंगल से कई नक्सली गिरफ्तार

**विजय मत, सुकमा।** जिले के थाना कोंटा और भेज्जी क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। संयुक्त अभियान में कोंटा एरिया कमेटी से जुड़े छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो पर इनाम भी घोषित था। कोंटा थाना क्षेत्र से पकड़े गए दो नक्सलियों में से एक पर 2 लाख और दूसरे पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित था। ये दोनों नक्सली वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान एक मतदान केंद्र में फायरिंग की घटना और वर्ष 2024 में गंगराजपाड़ के ग्रामीण ताती बुधरा की हत्या में शामिल रहे हैं।

# रॉड से कई बाइक को किया क्षतिग्रस्त, 4 आरोपी धराये

विजय मत, धमतरी

पुलिस द्वारा जिले में जिला बदर एवं निगरानी, गुंडा बदमाशों पर सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में विमल टॉकीज धमतरी के पास सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज कर वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें मुख्य आरोपी साहिल गौली उर्फ मुंडुल अपने अन्य साथियों के साथ उपद्रव करता दिखाई दे रहा था। उक्त आरोपी को पूर्व में दिनांक 09.04.2025 को जिला दंडाधिकारी धमतरी द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया था। वायरल वीडियो के आधार पर थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर गोकुल नगर रायपुर में घेराबंदी कर आरोपी साहिल गौली उर्फ मुंडुल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर उसके पास धमतरी अथवा रायपुर जिले में प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार की वैध अनुमति नहीं पाई गई। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 223 भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के अंतर्गत विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड में लेकर जेल भेजा गया। एक अन्य आरोपी साहिब बेग पिता रसीद बेग उम्र 19 वर्ष साकिन जालमपुर वार्ड धमतरी को सात दिन पूर्व ही थाना अजुर्नी द्वारा मोटर सायकल में स्टंट बाजी करते बस को रोकने के कोशिश करने में प्रतिबंधक धारा 170,126 एवं 135(3) इठरर के मामले में जेल भेजा गया है। एक और आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। (01) राहुल यादव, पिता कमल यादव,उम्र 20 वर्ष, निवासी-गोकुल नगर, रायपुर(छ.ग.) (02) दो विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल थे।





# आबकारी विभाग की कार्रवाई, शराब जब्त

**विजय मत, बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग रायपुर तथा जिला आबकारी टीम बलौदाबाजार द्वारा सबरिया डेरा पथरी, टुण्ड्रा में सुबह संयुक्त कार्रवाई में लगभग 2000 किलो महुआ लाहन बाजार मूल्य 100000 रुपये तथा 5 लीटर क्षमता के 12 प्लास्टिक डब्बो में भरा 60 लीटर अवैध कच्ची मदिरा जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबरिया डेरा पथरी, टुण्ड्रा में खेतो के बीच भरे तालाब के अंदर 50 बोरियों में भरा प्रत्येक में लगभग 40 किलो कुल लगभग 2000 किलो महुआ लाहन बाजार मूल्य 100000 रुपये तथा 5 लीटर क्षमता के 12 प्लास्टिक डब्बो में भरा 60 लीटर अवैध कच्ची मदिरा जिसे बेशरम के झाड़ियो के बीच छिपाया गया था।

# अवैध प्लॉटिंग पर नगर निगम की सख्ती घुरू क्षेत्र की 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक

विजय मत, बिलासपुर

शहर में अवैध कॉलोनियों और प्लाटिंग पर लगाम लगाने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। निगम प्रशासन ने घुरू क्षेत्र की 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए बिलासपुर और तखतपुर के उप पंजीयकों को पत्र भेजा है। साथ ही इन जमीनों की पूर्व में हुई रजिस्ट्री की जानकारी भी तलब की गई है। नगर निगम के प्रभारी आयुक्त खजांची कुम्हार ने जानकारी दी कि रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई जमीनें प.ह.नं. 61, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के अंतर्गत आती हैं। ये खसरा क्रमांक 302/5, 311/2, 241/1, 305/4, 592/166, 607/41 हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 1.05 हेक्टेयर है। अवैध कॉलोनियों पर होगी सख्त कार्रवाई निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना भूमि का स्वरूप बदलकर प्लाटिंग करना या अवैध कॉलोनी विकसित करना गैरकानूनी है। ऐसे मामलों में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन जमीनों पर अवैध प्लॉटिंग की शिकायत स्थानीय विधायक अमर अग्रवाल को मिली थी। शिकायत के बाद उन्होंने नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके तहत उप पंजीयकों को पत्र भेजकर इन 6 व्यक्तियों की जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई है। गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर निगम शहर के विभिन्न क्षेत्रों की 142 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप पंजीयकों को पत्र भेज चुका है।




# अवैध खनिज परिवहन पर 2 हाईवा वाहन जब्त

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन में आज खनिज अमले द्वारा प्रेमनगर एवं रामानुजनगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान 02 हाईवा वाहन खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए गए। उक्त वाहनों को तत्काल जप्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई पूर्ण होने तक थाना प्रेमनगर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिसमें नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।





# गौवंश तस्करी, मुंगेली जिले में ट्रक जब्त

**विजय मत, मुंगेली।** गौवंश की तस्करी के मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार त्वरित एवं कठोर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को राजसात किया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 2014 की धारा-7 के अंतर्गत की गई है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 01 सितंबर 2024 को थाना कोतवाली अंतर्गत वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7825 में 09 गाय एवं 04 बछड़ों को क्रूरता पूर्वक परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मवेशियों को बूचड़खाने ले जाया जा रहा था, जिसकी पुष्टि आरोपी देवराज भोई द्वारा की गई। प्रकरण की विस्तृत विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि पशुओं को रस्सियों से बांधकर अमानवीय तरीके से ट्रक में भर दिया गया था, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी जान को खतरा उत्पन्न हुआ। इस घटना में एक गाय की मौत भी हो गई थी।

# बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी पकड़ाया

विजय मत, रायगढ़

थाना कोतरारोड़ क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को साल्हेओना गांव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपक चौहान (20 साल) को पुलिस ने पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 08 जुलाई 2025 को एक स्थानीय महिला ने कोतरारोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी दिनांक 07 जुलाई को स्कूल में रिजल्ट लेने के लिए कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा आसपास के गांवों में तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। संदेह के आधार पर परिजनों ने दीपक चौहान नामक युवक का नाम लिया, जिससे लड़की का पूर्व परिचय था और बातचीत होती थी। परिजनों द्वारा दीपक को लड़की से दूर रहने की हिदायत भी दी गई थी, किंतु शिकायतकर्ता के अनुसार उसी युवक ने बहला-फुसलाकर उसकी बेटी को भगाया। रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में अपराध क्रमांक 287/2025 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सक्रिय कर सूचना प्राप्त की कि अपहता व संदेही ग्राम साल्हेओना में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां दोनों को बरामद किया गया। गवाहों के समक्ष अपहता की बरामदगी कर पंचनामा तैयार किया गया एवं दोनों को थाने लाया गया। महिला डेस्क में एकांत में पीड़िता से पूछताछ की गई, जिसमें उसने बताया कि वह दीपक चौहान को पिछले तीन वर्षों से जानती है। दीपक उसे लगातार शादी करने की बात कहता था, जबकि वह स्वयं को नाबालिग होने की बात स्पष्ट कर चुकी थी। 6 जुलाई को दोनों की बातचीत हुई और 7 जुलाई की सुबह दीपक ने स्कूल के पास से उसे अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर ग्राम साल्हेओना ले गया, जहां वह रात्रि भर रही, जहां आरोपी द्वारा किशोर बालिका से शारीरिक संबंध बनाया जिससे प्रकरण में धारा 64(1), 87 इठर, 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोडी गई।



# मोबाइल में बातचीत करने पर उपजा विवाद, मारपीट ने लिया खूनी अवतार

विजय मत, बालोद

डौंडी थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना ग्राम आमाडुला बांध किनारे की है। तीन दोस्तों ने ही विवाद के बाद दोस्त की हत्या की थी। एसपी योगेश पटेल ने बताया, पुलिस की पूछताछ में मनोज बरिहा, रूपेन्द कुमार सलाम, रीतुराज मरकाम ने जुर्म स्वीकार किया है। आरोपियों ने बताया कि प्रीतराम गोटा ने बांध में मछली पकड़ने जाल खेलने की बात कहते हुए बांध तरफ छोड़ने बोला. इस पर रितुराज मरकाम, मनोज बरिहा, रूपेन्द्र सलाम, प्रीतराम गोटा चारों एक बाइक से बांध तरफ गए। बांध के पहले मंशाराम के भर्री खेत में रूपेन्द्र सलाम का मोबाइल फोन से मनोज बरिहा किसी से बातचीत कर रहा था, जिसे रूपेन्द्र सलाम ने किस किस व्यक्ति से बातचीत करते हो कहकर मोबाइल को मांगा। इस पर रूपेन्द्र सलाम, मनोज बरिहा, प्रीतराम गोटा के मध्य आपस में हाथ मुक्का के साथ मारपीट हुई। मारपीट को देखकर रितुराज मरकाम बीच बचाव करते हुए मनोज बरिहा एवं प्रीतराम गोटा को हाथ-मुक्का से मारा, जिससे नाराज होकर प्रीतराम गोटा रितुराज मरकाम को हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। इसे देखकर मनोज बरिहा, रूपेन्द्र सलाम और रितुराज तीनों एक राय होकर प्रीतराम गोटा की पिटाई की। रितुराज मरकाम ने पुरानी रंजिश को लेकर पास में पड़े लकड़ी से प्रीतराम गोटा के जबड़ा में जोरदार प्रहार किया, जिससे प्रीतराम गोटा जमीन पर बैठ गया।




# रायपुरा चौक के पास लूट, डीडी नगर पुलिस जांच में जुटी

**विजय मत, रायपुर।** ई-रिक्शा के ड्राइवर और बुजुर्ग सवारी से 20 हजार की लूट हुई है। 9 जुलाई की रात की घटना है। 3 लुटेरे चलती ई रिक्शा में सवार हो गए। फिर बुजुर्ग से मोबाइल-कैश छीन कर मौके से फरार हो गए। बुजुर्ग अस्पताल में अपने बेटे को भर्ती कर वापस घर लौट रहा था तभी घटना हुई। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का हैं। पीड़ित रामकुमार यादव ने डीडी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह 7 जुलाई को अपने लड़के की तबीयत खराब होने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती किया। ई-रिक्शा में सवार तीन युवकों ने उनके पैसे मोबाइल छीने। आरोपियों ने रामकुमार यादव और ई-रिक्शा चालक टेकेश्वर सिंह ठाकुर दोनों का मोबाइल छीन लिया।

# ससुराल वालों के साथ हुई लड़ाई फिर फंदे पर लटक गई बहू

**विजय मत, बिलासपुर।** नवविवाहिता महिला की लाश फंदे पर लटकती मिली है। 8 जुलाई की रात ग्राम जोंधरा में गायत्री यादव (22) का अपने सुसराल वालों से झगड़ा हो गया था, जिसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया, अगले दिन साड़ी के फंदे पर उसकी लाश लटकी थी। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। गायत्री की शादी को एक साल हुए थे, आए दिन सुसराल वालों से उसका विवाद होता रहता था। शुरूआती जांच में उसके फांसी लगाकर खुदकुशी करने की आशंका है।

# घरेलू विवाद पर मारपीट, 4 आरोपी गिरफ्तार

विजय मत, रायगढ़

पुलिस चौकी जोबी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठीकुंडा में पारिवारिक रंजिश को लेकर एक महिला के पति पर टांगी से हमला करने का मामला दर्ज कराई । पीड़ित की पत्नी श्रीमती सुकमति साहू की शिकायत पर जोबी चौकी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मसनिया कला सक्ती निवासी श्रीमती सुकमति साहू (45 वर्ष) ने पुलिस चौकी जोबी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह तिहारू साहू की दूसरी पत्नी है। दिनांक 7 जुलाई 2025 को वह अपने पति तिहारू साहू के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम कोठीकुंडा होते हुए मसनिया कला जा रही थी। जब वे बेटे विकास साहू के घर के सामने पहुंचे। उसी दौरान तिहारू की पहली पत्नी जानकी साहू ने रास्ते में लंबा बांस रखकर मोटरसाइकिल रोक दी और गंदी-गंदी गालियां देने लगी। उसके साथ उसकी बहन भी थी, जो मिलकर तिहारू साहू से धक्का-मुक्की करने लगी। इसी दौरान बेटा विकास साहू और तिहारू का साला भुनेश्वर साहू मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। विकास ने हाथ में पकड़े धारदार टांगी से तिहारू साहू पर हमला कर दिया, जिससे उसके आंख के ऊपर, भुजा, जांघ और पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना की लिखित सूचना पर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर ने तत्काल धारा 118(1), 126(2), 296, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध क्रमांक 373/2025 पंजीबद्ध कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया और उन्हें न्यायालय प्रस्तुत कर रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी- विकास साहू, भुनेश्वर साहू, जानकी साहू , जया साहू पति दिलीप साहू उम्र 33 वर्ष, निवासी भागोड़ीह, थाना खरसिया पुलिस द्वारा समय पर की गई त्वरित कार्रवाई से आरोपियों को पकड़ा गया।






# खमतराई में महिला के साथ चैन स्नैचिंग

**विजय मत, रायपुर।** बाजार में सब्जी खरीदने गई एक महिला से चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है। बाइक सवार अज्ञात लुटेरे महिला के गले से सोने की चैन झपटकर फरार हो गए। चैन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। इस वारदात में महिला के गले में चोट भी आई है। पीड़िता की शिकायत पर खमतराई थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अज्ञात चेन स्नैचरों की तलाश में जुटी है। बता दें कि राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि अब दिनदहाड़े लूटपाट की वारदातें आम होती जा रही हैं।

# धमतरी शहर में शांति भंग करने वाले दो बदमाश हुए गिरफ्तार

विजय मत, धमतरी

शहर में शांति भंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार हुए है, जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने,शांति भंग करने वालों पर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है। आरोपी मोहनलाल सूर्यवंशी (उम्र 40 वर्ष) निवासी सेहराडबरी, थाना अजुर्नी, पूर्व में विनायक राइस मिल में कार्यरत था, जो कार्य छोड़ने के पश्चात भी बार-बार मिल परिसर के आसपास संदिग्ध रूप से चक्कर लगा रहा था। मिल मालिक द्वारा मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसे धमकाया एवं थाना में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहकर डराने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस टीम एवं आम नागरिकों के समझाने के बावजूद आरोपी उत्तेजित होकर गाली-गलौज व मारपीट पर आमादा हो गया। शांति भंग व संज्ञेय अपराध की आशंका को देखते हुए आरोपी को धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस. 2023 के तहत गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी लोमन ध्रुव निवासी बठेना पारा, जो नशे का आदी है, ने प्रार्थिया भगवती ध्रुव एवं उसकी सास के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस जब घटना स्थल पर जांच हेतु पहुंची, उसी दौरान आरोपी वहां उपस्थित होकर फिर से गाली-गलौज करते हुए गवाहों से उलझ गया और मारपीट पर उतारू हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, शांति भंग की आशंका एवं संज्ञेय अपराध की परिकल्पना पर आरोपी के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। आरोपी मोहन सूर्यवंशी निवासी सेहराडबरी, थाना अजुर्नी, जिला धमतरी(छ.ग.) लोमन ध्रुव निवासी बठेना पारा, बुढ़ा देव मंदिर के पास, थाना सिटी कोतवाली, जिला धमतरी(छ.ग.)।



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में जीती पहली टी20 सीरीज

## चौथे मैच में मेजबानों को छह विकेट से हराया, राधा यादव बनी प्लेआर ऑफ द मैच

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को चौथे टी20 मैच में छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने इंग्लैंड में पहली बार टी20 सीरीज जीती है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर एक बार भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है। इस मैच में भारतीय टीम की जीत में गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। स्पिनर राधा यादव ने 15 रन देकर दो विके लिए और उन्हें प्लेआर ऑफ द मैच को अवार्ड मिला। वहीं श्री चरणी ने 30 रन देकर दो जबकि दीप्ति शर्मा ने 29 रन देकर एक विकेट लिया। इस इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की महिलाएं सात विकेट पर 126 रन ही बना पायीं।

इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को भारतीय महिलाओं ने सलामी बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा के 32 और स्मृति मंधाना के 31 रनों की सहायता से पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की इसके बाद



जेमिमा रोड्रिग्स ने नाबाद 24 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 26 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। भारतीय टीम ने तीन ओवर पहले ही 127 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

इस जीत प खुशी जताते हुए भारतीय महिला टीम की हरमनप्रीत ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि हम यहां सीरीज जीतने में सफल रहे हैं। जिस तरह से हमने इस सीरीज में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। इसमें हर खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था जिसका लाभ हमें मिला। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।

भारतीय टीम ने इस सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया था। इसके बाद ब्रिस्टल में उसे 24 रन से जीत मिली। इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। वहीं तीसरे मैच में मेजबान टीम जीती। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए

इंग्लैंड की टीम शुरूआत अच्छी नहीं रही। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने शुरुआत में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को पेवेलियन भेजे दिया। नैट साइवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रही टैमी ब्यूमोंट ने तेजी से 20 रन बनाकर पलटवार किया पर राधा के सामने वह टिक नहीं पायी। इसके बाद चरणी ने एलिस कैप्सी को भी पेवेलियान भेज दिया जिससे इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 93 रन पहुंच गया।

# विंबलडन 2025 के सेमीफाइल में पहुंचे जोकोविच

**लंदन, एजेंसी**

सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विंबलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। जोकोविच ने इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। इस मैच में खेलते समय वह कोर्ट पर भी गिर पड़े हालांकि वह कुछ ही क्षणों में उठ भी गये पर उनके प्रशंसक चिंतित हो गये। जीत के बाद इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, यह बहुत अजीब अहसास था। घास पर ऐसा होता रहता है। मेरे साथ घास के कोर्ट पर पहले भी ऐसा हुआ है पर इस बात से ये साफ हो गया है कि अब मेरा शरीर पहले की तरह नहीं रहा, ऐसे में चोट का प्रभाव मुझे अगले दिन अनुभव होगा। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि चोट अधिक गंभीर न हो, जिससे में आगे भी इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। इटली के



खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ ही जोकोविच के इस सत्र का रिकॉर्ड 26-8 हो गया है। ऐसे में वह 25वें मेजर लीग खिताब से दो कदम ही दूर हैं। अगर जोकोविच इस खिताब को जीत लेते हैं, तो वह घास के कोर्ट में स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर के आठ खिताबों के रिकॉर्ड के बराबर पहुंच जाएंगे। कर लेंगे। अगर 38 साल के जोकोविच खिताब जीत लेते हैं, तो टूर्नामेंट के ओपन युग में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे वह फेडरर के साल 2017 में बनाए गए खिताबी जीत के उस रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे जो उन्होंने 35 साल की उम्र में बनाया था।

# शाहीन ने बुमराह को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताया

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने भारत के जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अभी विश्व के शीर्ष गेंदबाज हैं। शाहीन का एक वीडियो भी आया है जिससें उन्होंने बुमराह को 10 में से 10 नंबर दिये। जब उनसे पूछा जाता है कि बुमराह को 10 में से कितने अंक देंगे तो उनका जवाब था 10 नंबर। साथ ही कहा , वह वर्तमान समय के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। स्विंग, सटीकता, अनुभव के मामले में वह सबसे आगे हैं।

इस गेंदबाज ने तीनों ही प्रारुपों में अबतक जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उन्होंने 46 टेस्ट



मैच में 210 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 14 बार 5 विकेट लिए हैं। वहीं 89 एकदिवसीय में उनके नाम 149 विकेट हैं। बुमराह ने 70 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 89 विकेट लिए हैं। बुमराह ने हैडिंग्ले के पहले टेस्ट मैच में 5 विकेट लिए थे। साल 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी 5 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 32 विकेट लिए थे।

# ऋषभ की तुलना गिलक्रिस्ट से किया जाना सही नहीं : अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तुलना ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट से नहीं की जा सकती है। अश्विन ने कहा कि ये दोनो ही अलग-अलग तरह के खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि ऋषभ को अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिये। उन्होंने कहा कि हालातों के अनुसार खेलने के कारण ये विकेटकीपर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे भरोसेमंद मैच-विजेताओं में से एक के रूप में उभरा है। वह तब अच्छा प्रदर्शन करते हैं जब सबसे टीम को सबसे ज्यादा जरूरत होती है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शतक बनाने की उनकी क्षमता ने टीम को कई बार कठिन हालातों से उबरने और मैच को पलटने में कई बार मदद की है। इसके अलावा अश्विन ने ये भी कहा है कि इस क्रिकेटर की तुलना एडम



गिलक्रिस्ट से नहीं होनी चाहिए।

ऋषभ ने लीड्स के हेडिंग्ले में दोनों पारियों में शतक लगाये और वह एंडी फ्लावर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे विकेटकीपर बने थे। लीड्स में इतिहास रचने के बाद उन्होंने बर्मिंघम में दूसरी पारी में 58 गेंदों पर 65 रनों की तेज पारी खेली, जिससे भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद मिली। वह सेना देशों (ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका) में 2000 रन बनाने वाले पहले एशिया विकेटकीपर हैंने। अश्विन ने कहा है कि इस क्रिकेटर को टीम को और भी ज्यादा देने के लिए टीम की जरूरतों के हिसाब से खेलना चाहिए।

अश्विन ने कहा, मैं ऋषभ को अपनी क्षमता हासिल करते देखना चाहता हूं। हम चाहते हैं कि वह हमारा मनोरंजन करे। वह ऐसा कर सकता है और जरूरत पड़ने पर संयम भी दिखा सकता है। वह अब कोई नया खिलाड़ी नहीं है। मैं उसे उसके मानकों पर खरा उतरना चाहता हूं। उसकी तुलना अक्सर तेज गति से बल्लेबाजी करने के लिए एडम गिलक्रिस्ट से होती है। हालांकि, अश्विन का कहना है कि ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। वह एडम गिलक्रिस्ट जैसा नहीं है, कई लोग उसकी तुलना गिलक्रिस्ट से करते हैं। उसका डिफेंस इतना अच्छा नहीं था। ऋषभ का डिफेंस बेहतरीन है। उसकी तुलना गिलक्रिस्ट से नहीं, बल्कि कुछ बेहतरीन बल्लेबाजों से की जानी चाहिए।

# क्रिकेटर बनने बेहद कठिन हालातों में रहे आकाशदीप: अरुण लाल

**कोलकाता, एजेंसी**

इंग्लैंड दौर में अपनी शानदार गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले आकाश दीप के लिए यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। आकाशदीप की जिंदगी में कई मुश्किलें आईं पिता और भाई की मौत से वह टूट गये थे पर उन्होंने बाद में अपने को मजबूत कर करियर पर ध्यान दिया। बंगाल के पूर्व कोच अरुण लाल ने कहा है कि आकाश दीप क्रिकेटर बनने जिस जगह रहे हैं वहां के हालात भी इतने खराब थे कि जिंदा रहना कठिन था पर आकाश ने कभी कोई शिकायत नहीं की। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में उन्हें मौका नहीं मिला था। दूसरे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के नहीं खेलने की वजह से उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिली और उन्होंने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए रिकार्ड बना दिया। उन्होंने एजबेस्टन टेस्ट में 187 रन देकर 10 विकेट लिए जो इंग्लैंड में किसी भी भारतीय गेंदबाज का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आकाश दीप बिहार के सासाराम के रहने वाले हैं पर वह रणजी ट्रॉफी में पश्चिम बंगाल की तरफ से खेलते हैं। पूर्व कोच अरुण लाल ने आकाश के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा है कि वह बेहद कठिन हालातों में ऐसी जगह रहे



हैं जिसमें जिंदा रहना तक कठिन था।

अरुण लाल ने कहा, 'वह कैब क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) की डोरमेट्री में रहते थे जो बेहद खराब हालत में थी। अब मैं निश्चित हूं कि अब वह बेहतर है लेकिन उसने कभी भी, एक बार भी नहीं कहा कि उसे किसी तरह की कोई समस्या है। 3 से 4 साल में मैंने एक बार भी उससे कोई शिकायत नहीं सुनी।' अरुण लाल ने बताया कि कैसे वह एक बार आकाश दीप की डॉरमिटरी में उनसे मिलने चले गए थे तो उन्हें वहां के भयावह हालात का अंदाजा हुआ। लाल ने कहा, मैं जब वहां पहुंचा और डॉरमिटरी को देखा तो डर गया। वह असहनीय था। वह नरक जैसी थी। मुझे लगा कि लोग तो यहां बीमारी से मर जाएंगे। अरुण लाल शुरुआत से ही आकाश दीप की प्रतिभा से बहुत प्रभावित रहे हैं। उन्होंने कहा कि उसके पास गति है, ताकत और जज्बा और बिना शिकायत के लक्ष्य की ओर चलने का हौंसला है।



# आसियान के साथ व्यापार समझौते की समीक्षा वार्ता में तेजी के प्रयासः गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने



कहा है कि भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा को लेकर बातचीत जारी है और भारत चाहता है कि यह प्रक्रिया तेज़ हो। यह बात उन्होंने मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ एक बैठक के बाद कही। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मलेशिया, जो आसियान में भारत का स्थायी समन्वयक है, के साथ व्यापार और निवेश के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते की वर्तमान समीक्षा प्रक्रिया और उससे जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। गोयल ने कहा कि भारत आसियान सदस्य देशों के साथ निष्पक्ष व्यापार और संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए त्वरित बातचीत की अपेक्षा करता है। इसके साथ ही, भारत और मलेशिया के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को भी आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह जनवरी 2010 से लागू हुआ। अगस्त 2023 में भारत और आसियान ने तय किया था कि 2025 तक समझौते की पूरी समीक्षा की जाएगी।

# सेंसेक्स 346 अंक गिरकर 83,190 पर बंद निफ्टी 121 अंक नीचे 25,355 पर आया

## बैंकिंग, आईटी और एफएमसीजी में ज्यादा बिकवाली

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंकों की गिरावट के साथ ही 83,190.28 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 120.85 अंक फिसलकर 25,355.25 अंकों पर बंद हुआ। आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी से हुई पर कुछ समय बाद ही बिकवाली के कारण इसमें गिरावट आने लगी।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। वहीं केवल 8 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ बंद



हुए। इसी प्रकार निफ्टी की 50 में से केवल 12 कंपनियों के शेयर ही बढ़कर बंद हुए जबकि 38 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 1.36 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए जबकि भारती एयरटेल के शेयर 2.63 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज टाटा स्टील के शेयर 1.01 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.69 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.66 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.41 फीसदी, टीसीएस 0.38 फीसदी, ट्रेंट 0.24 फीसदीबढ़त के साथ बंद हुए।

सरी तरफ एशियन पेंट्स के शेयर 1.92 फीसदी, बीईएल 1.05फीसदी , टेक महिंद्रा 0.94 फीसदी, इंफोसिस 0.82फीसदी, एचसीएल टेक 0.74 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.67 फीसदी, आईटीसी 0.66 फीसदी, एनटीपीसी 0.64 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.63 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.60 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.55 फीसदी , महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.51 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.43 फीसदी, की गिरावट के साथ बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार की लाल निशान के साथ ही शुरुआत हुई पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों और जून तिमाही के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे थे। सुबह सेंसेक्स 122 अंक की बढ़त लेकर 83,658.20 पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसलकर 51.59 अंक की गिरावट लेकर 83,484.49 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला पर कुछ समय बाद ही यह लाल निशान में फिसल गया जो 20.15 अंक की गिरावट के साथ 25,455.95 पर कारोबार कर रहा था।

# आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की बिक्री अंतिम चरण में

- अक्टूबर तक पूरा होगा निजीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) आईडीबीआई बैंक में अपनी 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। यह रणनीतिक विनिवेश अक्टूबर 2025 तक पूरा होने की संभावना है। सरकार के पास वर्तमान में आईडीबीआई बैंक में 30.48 फीसदी और एलआईसी के पास 49.24 फीसदी हिस्सेदारी है। 9 जुलाई को विनिवेश पर बनी अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठक में शेयर खरीद समझौते के मसौदे पर चर्चा हुई। अब इस मसौदे को सचिवों के कोर ग्रुप और फिर कैबिनेट मंत्रीमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एक बार एसपीए को अंतिम मंजूरी मिल जाती है, तो वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाएंगी और सौदे को अंतिम रूप दिया जाएगा। चयनित बोलीदाता के साथ एसपीए पर हस्ताक्षर के दिन ही सरकार और एलआईसी अपनी हिस्सेदारी ट्रांसफर कर देंगे और उन्हें भुगतान प्राप्त हो जाएगा। इसके साथ ही आईडीबीआई बैंक पूरी तरह से निजी क्षेत्र के हाथों में चला जाएगा।

# सोना 96,600 के पार, चांदी भी लगभग 1.07 लाख रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्थानीय बाजार में गुरुवार के कारोबारी दिन सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,600 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,07,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी गिरावट के साथ खुलने के बाद सुधर गई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 87 रुपये की तेजी के साथ 96,548 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,461 रुपये था। फिलहाल यह 164 रुपये की तेजी के साथ 96,625 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही।



एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 55 रुपये की तेजी के साथ 1,07,320 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,07,265 रुपये था। फिलहाल यह 190 रुपये की तेजी के साथ 1,07,455 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,322.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,321 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.60 डॉलर की तेजी के साथ 3,326.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 85.70 पर बंद हुआ। रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 17 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.56 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये ने उतार-चढ़ाव के बाद सीमित दायरे में कारोबार किया। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में मामूली प्रगति और भारतीय निर्यातों पर शुल्क की समय सीमा बढ़ाए जाने से बाजारों को अल्पकालिक राहत मिली है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.62 पर खुला। फिर 85.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.73 पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 97.37 पर आ गया।

# एलपीजी पर नुकसान की भरपाई को लेकर तेल कंपनियों को मिलेगी सब्सिडी

- 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने पर विचार कर रही सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की लागत से कम कीमत पर बिक्री की वजह से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार वित्त मंत्रालय वर्तमान में वास्तविक घाटे का आकलन कर रहा है और इसकी भरपाई के लिए तंत्र विकसित किया जा रहा है। हालांकि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है, लेकिन सरकार ने अप्रैल 2025 में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर करीब 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाया है। संभावना है कि इसी अतिरिक्त राजस्व से तेल कंपनियों को हुए घाटे की भरपाई की जाएगी। घरेलू एलपीजी की कीमतें अंतरराष्ट्रीय मानक सऊदी सीपी की तुलना में काफी कम रखी जाती हैं ताकि आम जनता को राहत मिल सके। चूंकि देश में एलपीजी का उत्पादन स्थानीय मांग के अनुरूप नहीं है, इसलिए आयात पर निर्भरता बनी हुई है। इससे तेल कंपनियों को नुकसान होता है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में इन्हें एलपीजी बिक्री से लगभग 40,500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।


# जुलाई में गिरावट की चपेट में टाटा ग्रुप के कई शेयर

**नई दिल्ली।** जुलाई 2025 की शुरुआत टाटा ग्रुप के लिए ठीक नहीं रही है। समूह की कई प्रमुख कंपनियों के शेयर गिरावट में हैं। टीरेंट का स्टॉक इस महीने अब तक 13 फीसदी गिर चुका है, वहीं टाइटन में लगभग 7 फीसदी की गिरावट आई है। इन दोनों कंपनियों के कमजोर तिमाही संकेत और प्रबंधन की सतर्क टिप्पणियों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। टाटा मोटर्स ने ??वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जेएलआर समेत ग्लोबल सेल्स में 9 फीसदी की गिरावट दर्ज की। साथ ही जेएलआर ने ?वित्त वर्ष 26 के लिए अपने मार्जिन अनुमान घटाए हैं, जिससे शेयर पर दबाव बढ़ा है। टाटा पावर को 490 मिलियन डॉलर के हर्जाने के आदेश से झटका लगा है, जिससे शेयर कमजोर हुआ है।

# पेट्रोल-डीजल के भाव में यूपी से बिहार हुआ बदलाव

- ब्रेंट क्रूड का भाव 70.00 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार सुबह देशभर में पेट्रोल और डीजल के खुदरा भाव में बदलाव कर दिया है। गुरुवार को यूपी से लेकर बिहार तक कई शहरों में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव दिख रहा है। वैश्विक बाजार में क्रूड का भाव 70 डॉलर के पार जाने के बावजूद तेल कंपनियों ने ज्यादातर शहरों में तेल की कीमतों को सस्ता किया है। इतना ही नहीं दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 9 पैसे चढ़ा और 87.98 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96 पैसे गिरकर 94.44 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 1.09 पैसे नीचे आकर 87.51 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 18 पैसे गिरावट के साथ 105.23 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 17 पैसे गिरकर 91.49 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। ब्रेंट क्रूड का भाव

दैनिक विजय मत
www.vijaymat.com
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई





विजय मत/रायपुर। मध्यप्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी दिग्गज नेता आशीष अग्रवाल ने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट की।

# ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार

**विजय मत, रायपुर**

राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। दुर्ग जिले के ब्लॉक धमधा के अंतर्गत हाई स्कूल दनिया में इस प्रक्रिया के अंतर्गत चार नए विषयों के शिक्षकों की तैनाती की गई है, जिससे विद्यार्थियों को अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। हाई स्कूल दनिया में पढ़ने वाली कक्षा 10वीं की छात्रा हितेश्वरी बताती है कि पहले स्कूल में



शिक्षकों की कमी के कारण कई विषयों की पढ़ाई नियमित नहीं हो पाती थी। अब विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षक मिल गए हैं।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है। अब प्रत्येक विषय के लिए प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का सकारात्मक प्रभाव

ज्ञातव्य हो कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का उद्देश्य शिक्षकों का प्रभावी पुनर्विनियोजन कर ऐसी जगहों पर उनकी नियुक्ति करना है, जहाँ शिक्षकों की आवश्यकता अधिक है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को भी नई दिशा मिल रही है।

## सार समाचार

### रायपुर के डीईओ बनाए गए हिमांशु भारती




रायपुर (विजय मत)। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग में बड़ा बदलाव किया है। प्रदेश के सभी जिलों में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सहित कुल 183 अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है।रायपुर के डीईओ हिमांशु भारती बनाए गए हैं जबकि विजय खंडेलवाल को महासमुंद डाइट भेजा गया है।

### छग में स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पेनलमेंट के लिए आवेदन 31तक

रायपुर (विजय मत)। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पेनलमेंट के लिए योग्य और अनुभवी अभियंताओं से 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए हैं। छत्तीसगढ़ रूलर डेवलपमेंट एजेंसी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह से मिली जानकारी के अनुसार सड़क और ब्रीज कार्य के लिए स्टेट क्वालिटी मॉनिटर के इम्पेनलमेंट के लिए किसी सरकारी संगठन, केंद्र/राज्य सार्वजनिक उपक्रमों या उनके अधीनस्थ कार्यालयों से कार्यपालन अभियंता या समकक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

### गुरुपूर्णिमा पर प्रतिष्ठाचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी का गुणानुवाद

रायपुर (महाकोशल)। गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में हजारों श्रद्धालुओं ने चारों दादागुरुदेव के दर्शन वन्दन कर बड़ी पूजा में भाग लिया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस अवसर पर चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के प्रतिष्ठाचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए गुणानुवाद किया।

उप मुख्यमंत्री साव ने निमार्णाधीन विधानसभा भवन के कार्यों का किया निरीक्षण

# छत्तीसगढ़ की झलक दिखाने वाला दर्शनीय भवन होगा विधानसभा की नई बिल्डिंग : साव

- 52 एकड़ में बन रहा विधानसभा भवन, 200 सदस्य बैठ सकेंगे सदन में



**विजय मत, रायपुर**

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर में निमार्णाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निमार्णाधीन तीनों विंगों के कार्यों का बारिकी से अवलोकन कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधानसभा के नवीन भवन का सिविल वर्क पूर्ण होने के बाद फर्नीचर और इंटीरियर का काम प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नए विधानसभा भवन में कार्यों के निरीक्षण के बाद कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा यहां सभी कार्यों को सितम्बर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। तदनुसार आगामी 1 नवम्बर को राज्योत्सव पर इसे छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित करने की तैयारी की जाएगी। नए भवन में विंग-ए जहां विधानसभा सचिवालय लगेगा और विंग-सी जहां उप मुख्यमंत्रियों एवं मंत्रियों के कार्यालय रहेंगे, का काम लगभग पूर्णता की ओर है। विधानसभा के सदन, सेंट्रल हॉल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय वाले विंग-बी में भी फर्नीचर और इंटीरियर का काम जल्दी चालू होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यों के निरीक्षण के दौरान विधानसभा के सदन में विधायकों के लिए लगने वाली कुर्सी का अवलोकन कर इसकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विधानसभा के नए भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और शिल्प की झलक मिलेगी। यह राज्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए दर्शनीय भवन होगा।

नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन 52 एकड़ में निमार्णाधीन है। इसके सदन में सदस्यों की बैठक क्षमता 200 होगी। नए विधानसभा भवन के एक विंग में विधानसभा सचिवालय, दूसरे में विधानसभा का सदन, सेंट्रल-हॉल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री का कार्यालय तथा तीसरे विंग में मंत्रियों के कार्यालय होंगे।

# वनोपज से वनांचल के लोगों के जीवन में आ रही है आर्थिक समृद्धि -कश्यप

- वन मंत्री की अध्यक्षता में आईडीसी की बैठक सम्पन्न

**विजय मत, रायपुर**

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज वनोपज राजकीय व्यापार अर्न्तविभागीय समिति(आईडीसी)की 307वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में सम्पन्न हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अर्न्तविभागीय समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को ज्यादा मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोत्तरी होगी साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा।



मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

वन मंत्री मंत्री केदार कश्यप ने 306वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों जैसे महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया। इस अवसर पर सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, सलमा फारूकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सभी जिलों में अब ई-ऑफिस से होगा कामकाज, आदेश जारी

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ में अब जिला स्तर तक ई-ऑफिस के तहत कामकाज होगा. मंत्रालय के सभी विभागों में पहले से ई-ऑफिस से कामकाज हो रहा है. सामान्य प्रशासन विभाग ने अब सभी जिलों के कलेक्टरों को डिजिटल पत्राचार का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश जारी किया है.

आदेश में कहा गया है कि जिला स्तर के सभी प्रस्तावों जिसमें विभागाध्यक्ष या शासन स्तर से अनुमोदन की आवश्यकता होती है, ऐसी सभी प्रस्तावों को ई-ऑफिस के ऋछ्छए के माध्यम से प्रेषित करें. जिला




स्तरीय कार्यालय से विभागाध्यक्ष या शासन स्तर के लिए पत्राचार ई-ऑफिस के RECEIPT के माध्यम से करें. केवल अर्द्धशासकीय पत्र अथवा ऐसे वैधानिक दस्तावेज जिसमें मूलप्रति की आवश्यकता हो, हार्डकॉपी के रूप में भेजा जाए. आगे कहा गया है कि ई-ऑफिस के लेटर सेक्शन में फारवर्ड ऑप्शन नहीं है।

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने शोक संतप्त परिवारों को दी सांत्वना

**विजय मत, रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता व पद्श्री सुरेंद्र दुबे व भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक स्व. राजेश अवस्थी के निवास जाकर परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने ने कहा कि स्व. पद्श्री दुबे व स्व. अवस्थी के पार्टी के प्रति किए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके निधन से हम सब को बेहद पीड़ा व दुख हुआ है। वे सदैव सांस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को



पार्टी विचारधारा से जोड़ने में सक्रिय रहे हैं। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सिंह ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की व स्व. पद्श्री दुबे व स्व. अवस्थी को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें इसकी कामना की है। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता छगन मुंदड़ा, प्रीतेश गांधी मौजूद थे।

# विधानसभा का मानसून सत्र 14 से

**विजय मत, रायपुर**

विधानसभा का मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक चलेगा, इस दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। समय कम होने की वजह से सरकार को घेरने के लिए विपक्ष हर दिन स्थगन प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों के भी तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं। मानसून सत्र के लिए विधायकों ने 996 सवाल लगाए हैं। चूंकि राज्य सरकार को करीब डेढ़ साल हो गए हैं, इसलिए माना जा रहा है कि इस बार भाजपा सरकार में हुई गड़बडियों के सवाल को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए इस बार विपक्ष के पास मुद्दों की कमी नहीं है। इसमें किसानों को खाद बीज की समस्या, कानून व्यवस्था, युक्तियुक्त करण, कानून व्यवस्था, पेड़ की कटाई, अवैध रेत और अवैध शराब सहित अन्य मुद्दों को लेकर सवाल लगे हैं। इसके साथ भारत माला परियोजना में हुए भ्रष्टाचार पर इस बार भी सदन गरमा सकता है। ऐसे में सदन के अंदर गहमागहमी देखने को मिलेगी। मानसून सत्र के दौरान राज्य सरकार कई विधेयक पेश कर सकती है। राजस्व, आवास एवं पर्यावरण विभाग के विधेयक आने की संभावना है। वहीं राज्य सरकार द्वारा अन्य विषयों पर भी विधेयक लाया जा सकता है। सत्र के दौरान राज्य सरकार अनुपूरक बजट भी ला सकती है।

# छत्तीसगढ़ के लाल अनिमेष कुजूर ने रचा नया इतिहास, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के युवा धावक अनिमेष कुजूर ने ग्रीस के एथेंस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर दौड़ को मात्र 10.18 सेकेंड में पूरा कर भारत के लिए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत




गर्व और खुशी का क्षण है कि छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने ग्रीस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर दौड़ को मात्र 10.18 सेकेंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है। इससे पहले अनिमेष ने दक्षिण कोरिया में हुए एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर दौड़ को 20.32 सेकेंड में पूरा कर एक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया था। उन्होंने युवा खिलाड़ी अनिमेष को बधाई देते हुए कहा कि आपकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि हर युवा को आगे बढ? की प्रेरणा देगी। छत्तीसगढ़ को आप पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिमेष की यह उपलब्धि युवा शक्ति के आत्मविश्वास और सपनों की उड़ान का प्रतीक है। उनका यह प्रदर्शन न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

# प्रदेश में खाद-बीज और कीटनाशक औषधियों की गुणवत्ता की जांच जारी

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निदेशानुसार कृषि विभाग द्वारा राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं पौध संरक्षण औषधियों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सैंपल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। खरीफ सीजन 2025 में राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं पौध संरक्षण औषधियों के जांच के लिए अबतक 6245 नमूने लिए गए है।

इनमें से सभी प्रक्ररणों को गुणवत्ता जांच के लिए भेजे गए हैं, जिसमें 4775 नमूने मानक और 297 अमानक पाए गए। 31 नमूनों को निरस्त किया गया तथा 1142 नमूनों में जांच की कार्रवाई चल रही हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा इस खरीफ सीजन में बीज के 5515 नमूने, उर्वरक के 4000 और पौध संरक्षण औषधी के 969 नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए लक्ष्य रखा गया हैं।

# पीएम आवास योजना को मिलेगी नई रफ्तार, शुरू हुआ निःशुल्क प्रशिक्षण

**विजय मत, रायपुर**

बलरामपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निमार्णाधीन 55 हजार से अधिक आवासों को समय पर पूरा करने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने अभिनव पहल की है। कुशल राजमिस्त्रियों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से ग्रामीण युवाओं को 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान



(आरसेटी) बलरामपुर द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो कलेक्टर के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दोहरा है , एक ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य को गति देना और दूसरी ओर युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना। प्रशिक्षण के लिए महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं या उनके परिजन,महात्मा गांधी मनरेगा योजना के अंतर्गत 100 दिन कार्य पूर्ण कर चुके मजदूर तथा अन्य इच्छुक ग्रामीण युवा पात्रता रखते हैं।

# जीवन जीने में सहायक बनी इंदिरा वृद्धावस्था पेंशन

- लाभार्थी परिवार ने कहा- यह छोटी नहीं बड़ी मदद है

**विजय मत, रायपुर**

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे वृद्धजनों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें जीवन जीने में सहयोग देना इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का उद्देश्य है। रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के ग्राम मांदाडीह निवासी आत्मा राम मनहरे इस योजना के लाभार्थी हैं। वे पहले किसानी करते थे, लेकिन अब वृद्धावस्था के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। श्री मनहरे के बेटे ने बताया कि उनके पिता पिछले कई महीनों से इस योजना का लाभ मिल रहा है। उनके बेटे बताते है की पिताजी इस पैसे से अपने इलाज के लिए दवाई खरीदते है और सब्जी लेते है। यह थोड़ी सी मदद मेरे लिए बड़ी राहत बन गई है।



मनहरे के बेटे तुलसी राम मनहरे ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा, ्रमैं सरकार का दिल से धन्यवाद करता हूँ। प्रदेश के बुजुर्गों को इसका लाभ लेना चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से 79 वर्ष की आयु के ऐसे वृद्धजन, जो बीपीएल श्रेणी में आते हैं, उन्हें 500 प्रतिमाह तथा 80 एवं अधिक उम्र के वृद्धजनों को 650 रुपए की पेंशन राशि दी जाती है।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ एनएचएम (ठऌट) कर्मचारी संघ द्वारा आज प्रदेश के सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जन स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत 20 वर्षों से अधिक अनुभवी संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, 27% वेतन वृद्धि, स्थानांतरण नीति सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र नीतिगत निर्णय की मांग की गई।

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने विधायकों को



स्मरण कराया कि उन्होंने आम जनता के बीच जो वादे किए थे समर्पित कर्मियों को न्याय एवं मोदी की गारंटी संविदा को सम्मानह्व अब उन्हें पूरा करने का समय आ गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने कहा कि अब इंतजार की सीमा समाप्त हो चुकी है। एनएचएम कर्मियों ने कोरोना जैसे संकट में भी जान की बाजी लगाकर सेवा दी, अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इनका स्थायी समाधान करे।

वहीं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि यह आंदोलन चरणबद्ध होगा और सरकार की चुप्पी यदि बनी रही, तो पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ना तय है।

संघ की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि यदि आगामी दिनों में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई तो यह आंदोलन अविराम और व्यापक रूप लेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997